शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 95 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 01 मई 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## डीप फेक का इस्तेमाल कर रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बना कर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है। मंगलवार को डीप फेक पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि ह्लआम चुनाव से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें, उनकी हार निश्चित है लेकिन अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जिन-जिन राज्यों में सरकार बनाती



है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर अपने वोटबैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरूआत की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल सरकार को संदेशखली और शाहजहां शेख के मामले में एक पक्ष बनने के आग्रह पर फटकार लगाए जाने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। ममता बनर्जी महिला मुख्यमंत्री होते हुए ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही हैं जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार कर उनकी जमीनें हड़पने और उनका यौन उत्पीड़न करने का घृणित कार्य किया है। इससे पता चलता है कि वोटबैंक के लिए विपक्ष किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। यही हाल कर्नाटक का है, जहां कांग्रेस के काउंसलर की बेटी की दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है पर तुष्टिकरण की राजनीति के चलते वहां की सरकार कुछ नहीं करती है। अनुराग ठाकुर ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले को बेहद शर्मनाक करार देते हुए कहा कि कानून को अपना काम कर कठोर कारवाई करनी चाहिए। कानून व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। जिस समय पर यह वीडियो बाहर आए हैं उससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के पास इन वीडियोज की जानकारी पहले से थी। तो फिर उन्होंने अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं की? ऐसे मुद्दे का राजनीतिक लाभ क्यों उठाना चाहा? आखिर क्यों कांग्रेस की राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही? कांग्रेस को अपनी मजबूरियां बतानी चाहिए।

---

## कांग्रेस ने साठ साल तक किसानों को धोखा दिया: मोदी

**माढा (महाराष्ट्र):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया। इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं। इनमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं।



सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है। मोदी ने भाजपा के धुआंधार चुनाव प्रचार के दौरान समूचे महाराष्ट्र की यह पीड़ा यहां पार्टी की विशाल जनसभा में मतदाताओं के सामने व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी, तब महाराष्ट्र के कद्दावर नेता कृषि मंत्री थे। जब यहां के कद्दावर नेता दिल्ली में राज करते थे, तब गन्ने का एफआरपी करीब 200 रुपये था और आज मोदी के सेवाकाल में गन्ने का एफआरपी करीब 350 रुपये है। प्रधानमंत्री ने कहा, " विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। मोदी गांव की अपनी बहनों को सशक्त करने में जुटा है। बीते 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। अब मोदी ने गारंटी दी है कि मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा।"

### तीसरे चरण के पार्टी उम्मीदवारों को मोदी ने लिखा पत्र, कांग्रेस की सोच के खिलाफ लोगों को करें जागरूक

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरे चरण के पार्टी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत पत्र लिखा है। पत्र में उम्मीदवार पर अपनी राय के साथ प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से उन्हें वोट करने की अपील की है। पत्र में उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों को कांग्रेस की सोच के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री एवं भाजपा नेता ने कहा है कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीनकर उसे अपने वोटबैंक को देना चाहती है। पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इस तरह का आरक्षण असंवैधानिक है। कांग्रेस लोगों की मेहनत को वोटबैंक को बांटना चाहती है। इस संदर्भ में उन्होंने विरासत कर का भी जिक्र किया। नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से एकजुट होकर वोट करने की अपील की।

## 'भाजपा गरीबों के अधिकार छीनने के लिए मांग रही 400 से अधिक सीटें'

**जांजगीर-चांपा:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि उनके अधिकार छीनने के लिए 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना चाहती है। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक अभियान रैली में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह महसूस करने के बाद निराश हो गए थे कि भारतीय गुट बहुमत की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए वह "मंगलसूत्र" और "हिंदू-मुसलमान" के बारे में टिप्पणियों का सहारा ले रहे हैं।" यह रैली जांजगीर-चांपा से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के समर्थन में थी। खरगे ने कहा, "यह चुनाव भारत को एकजुट रखने और संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है।" उन्होंने कहा, "मोदी और उनके अनुयायी



बार-बार कहते हैं, हमें 400 से अधिक का आंकड़ा दीजिए। वे 400 से अधिक सीटें मांग रहे हैं, गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए नहीं...वे ऐसा चाह रहे हैं कि गरीब लोगों के अधिकार छीन लो।" खरगे ने यह भी पूछा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को यह स्पष्ट क्यों करना पड़ा कि वे संविधान में बदलाव नहीं करेंगे या आरक्षण समाप्त नहीं करेंगे, अगर किसी भाजपा नेता ने पहले ऐसी योजनाओं के बारे में बात नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा गरीबों की बात करती है, लेकिन उद्योगपति अडानी और अंबानी की आय बढ़ाती है।"

## पतंजलि मामला: 'दूसरे माफीनामे में उल्लेखनीय सुधार: सुप्रीम कोर्ट

### पतंजलि मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, अब 7 को सुनवाई

**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से अखबारों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने के मामले में हुई प्रगति की मंगलवार को सराहना की। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि माफी की भाषा पर्याप्त है और इसमें नाम भी हैं। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि दूसरी माफी किसकी जांच को लेकर है। उल्लेखनीय सुधार हुआ है, हम इसकी सराहना करते हैं। अब आखिरकार वे समझ गए हैं।' उन्होंने कहा कि पहले जब माफीनामा प्रकाशित किया गया था, तो केवल कंपनी का नाम था।



न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, "अब नाम आ गए हैं। यह एक उल्लेखनीय सुधार है, हम इसकी सराहना करते हैं, भाषा पर्याप्त है।" सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कंपनी के वकील से पूछा कि उन्होंने अखबारों में प्रकाशित माफीनामा क्यों ई-फाइल किया जबकि अदालत ने 23 अप्रैल को विशेष रूप से मूल प्रति दाखिल करने को कहा था। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, "यह हमारे आदेश का अनुपालन नहीं है।" पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कंपनी के वकील ने माना है कि उनके वकील को अदालत द्वारा पारित आदेशों के बारे में कुछ गलतफहमी हुई है और प्रत्येक अखबार के मूल पृष्ठ को दाखिल करके आदेश का पालन करने का एक और अवसर दिया जाना चाहिए जिसमें सार्वजनिक माफी प्रकाशित की गई है। पीठ ने मामले की सुनवाई सात मई के लिए स्थगित करते हुए कहा, "रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि जब भी यह दस्तावेज दाखिल किया जाए उसे स्वीकार किया जाए।" रोहतगी ने मामले में अगली सुनवाई के लिए रामदेव और बालकृष्ण को निजी पेशी से छूट देने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, "यह छूट सुनवाई की अगली तारीख तक सीमित है।" शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। शीर्ष अदालत ने 23 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफीनामा रिकॉर्ड में नहीं है और उसे दो दिनों के भीतर दायर करने को कहा था।

## अब ऑस्ट्रेलिया भी एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की करेगा जांच

**नई दिल्ली:** दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद विवादों में हैं। सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की जांच की आंच अब ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड तक पहुंच चुकी है। हालांकि, एमडीएच ने पिछले हफ्ते जारी स्पष्टीकरण में अपने उत्पादों में किसी हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस तरह के आरोप लगाने का कोई ठोस आधार नहीं है।




खाद्य मानक ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड (एफएसएएनजेड) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से उत्पादित मसालों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार हांगकांग और सिंगापुर की तरह ही कार्रवाई के बाद ऑस्ट्रेलिया में इन उत्पादों को बाजार से वापस मंगाया जा सकता है। आस्ट्रेलिया में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वो जांच के बाद होने वाले संभावित रिकॉल के बारे में सचेत रहें और खरीदारी के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें। उधर, एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में टायफॉइड वाला बैक्टीरिया मिलने पर अमेरिका ने इनकी एंट्री पर रोक लगा दी है, जबकि एक तिहाई शिपमेंट खारिज कर दिए हैं। पड़ोसी देश मालदीव ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों पर रोक लगा दी है। दरअसल, हांगकांग ने हाल ही में तीन एमडीएच मसालों और एवरेस्ट के फिश करी मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी थी जबकि सिंगापुर ने एथिलीन ऑक्साइड के अत्यधिक स्तर का हवाला देते हुए बाजार से एवरेस्ट मसाले को मंगा लिया था। उल्लेखनीय है कि एमडीएच और एवरेस्ट भारत के प्रमुख मसाला ब्रांड हैं, जो यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखते हैं।

## पी. चिदंबरम ने भाजपा के मेनिफेस्टो पर उठाए सवाल,

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र घोषणा के बाद गायब हो गया है। दूसरी ओर, कांग्रेस के घोषणापत्र को उसके कल्याणकारी वादों के कारण लोकप्रियता मिली है। एक्स पर एक पोस्ट में पी चिदंबरम ने कहा, कांग्रेस का घोषणापत्र तीन ड्राइविंग सिद्धांतों पर आधारित है: काम, धन और कल्याण। भाजपा के घोषणापत्र में ऐसा कुछ भी नहीं है जो कांग्रेस के घोषणापत्र से तुलनीय हो। इसीलिए पीएम मोदी और दूसरे बीजेपी नेता अपने घोषणा पत्र के बारे में नहीं बोलते हैं। भाजपा का घोषणा पत्र गायब हो गया है। कांग्रेस के घोषणापत्र ने लोगों के मन पर गहरी छाप छोड़ी है और देश के करोड़ों लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

**कांग्रेस का मेनिफेस्टो है समावेशी- चिदंबरम**

कांग्रेस घोषणापत्र समिति के प्रमुख चिदंबरम ने कहा कि उनकी पार्टी के चुनाव दस्तावेज में समावेशी दृष्टिकोण है और यह केवल गरीबों के बारे में बात करता है।

## एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नए नौसेना प्रमुख के रूप में संभाला कार्यभार

### बोले- 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना को करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली:** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं। सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था।

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिसमें पश्चिमी बेड़े के संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन के निदेशक, प्रमुख निदेशक, नेटवर्क केंद्रित संचालन और प्रमुख निदेशक, नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के रूप में, उन्होंने पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया। उन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के कमांडेंट के रूप में भी कार्य किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, नेवल हायर कमांड कोर्स, करंजा और संयुक्त राज्य अमेरिका में नेवल कमांड कॉलेज में पाठ्यक्रम पूरा किया है। वह



अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और नौ सेना पदक (एनएम) के प्राप्तकर्ता हैं। एडमिरल हरि कुमार चार दशकों के करियर के बाद सेवानिवृत्ति के बाद सेवानिवृत्त हुए थे।

**नौसेना हुई है विकसित- दिनेश त्रिपाठी**

नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय रूप में विकसित हुई है। समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियां यह कहती हैं कि भारतीय नौसेना को शांति से समुद्र में संभावित विरोधियों को रोकने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए और ऐसा करने के लिए कहे जाने पर समुद्र में और समुद्र से युद्ध जीतना चाहिए। यह मेरा एकमात्र फोकस और प्रयास रहेगा। मैं नई तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए हमारी सामूहिक खोज की दिशा में राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने की दिशा में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

# व्यय प्रेक्षकों के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय के सम्बंध में की गयी बैठक

## निर्वाचन व्यय के सम्बंध में भ्रष्ट आचरण की शिकायत हेतु बनाये गये कंट्रोल रूम के 0532-2990390, 0532-2990391, 0532-2990392 नम्बरों पर की जा सकती है शिकायत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** निर्वाचन प्रेक्षक (व्यय) रवि कांत गुप्ता, बी0 नवीन कुमार, राज कुमार प्रजापत, संतोष कुमार के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय के सम्बंध में सर्किट हाउस के सभागार में बैठक ली गयी। बैठक में व्यय प्रेक्षकों के द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराया कि जनपद में कुल 108 एफ0एस0टी0, 108 एस0एस0टी0 टीम, 12 वीडियो सर्विलांश टीम, 12 सहायक व्यय प्रेक्षक, 12 एकाउटिंग टीमों का गठन कर उन्हें क्रियाशील किया गया है। इसके साथ ही साथ निर्वाचन व्यय के सम्बंध में भ्रष्ट आचरण की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर-0532-2990390, 0532-2990391, 0532-2990392 है। व्यय प्रेक्षकों के द्वारा एफ0एस0टी0, एस0एस0टी0, वीडियो सर्विलांश टीम को निरंतर क्षेत्र में क्रियाशील रहकर जांच की कार्रवाई सुनिश्चित करते रहने के निर्देश दिए है। पुलिस विभाग को असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं ऐसे लोगो के विरूद्ध पाबंद की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा गया है साथ ही साथ उन्होंने अवैध मादक पदार्थों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। व्यय प्रेक्षकों के द्वारा एलडीएम को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बैंको में संदेहास्पद लेनदेन की सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बैंको के साथ बैठक करते हुए इससे सम्बंधित नियमों एवं निर्देशों के बारे में सभी बैंको को अवगत करा दिया जाये। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग तथा आबकारी विभाग को भी आवश्यक सूचनाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने चेक पोस्टों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था रखने के लिए कहा है। व्यय प्रेक्षकों ने सैडो रजिस्टर को अद्यतन बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार हेतु जिन वाहनों की परमिशन ली गयी है, केवल उन्हीं वाहनों के द्वारा ही चुनाव प्रचार का कार्य किया जाये, बिना अनुमति के चलने वाले चुनाव प्रचार वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। व्यय प्रेक्षकों के द्वारा सभी नोडल अधिकारियों एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर डीसीपी नगर श्री दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसआरएन अस्पताल में तीन माह में 1.45 लाख मरीजों का इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंडल के सबसे बड़े एसआरएन अस्पताल में हर माह लगभग 50 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। ओपीडी में सुबह छह बजे से ही कतार लगने लगती है। ऑनलाइन पर्चा बनने की सुविधा से लोग क्यूआर कोड स्कैन करके लंबी लाइन लगने से भी बच रहे हैं। ओपीडी में दिव्यांग और वृद्ध लोगों के लिए काउंटर निर्धारित कर दिए गए हैं। कई विभागों की ओपीडी में वरिष्ठ डॉक्टरों के नियमित रूप से बैठने से मरी को सहूलियत हो रही है। यही कारण है मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ओपीडी ऑनलाइन प्रभारी सुशील सिंह के अनुसार इस वर्ष जनवरी से मार्च तक 1.45 लाख मरीज इलाज के लिए पहुंचे। जबकि वर्ष 2023 में इसी अवधि में मरीजों की संख्या 1.32 लाख के लगभग थी। वर्ष 2023 में कुल 6,84,921 मरीजों का इलाज किया गया। इलाज के आए 1.45 लाख मरीजों में 18,964 मरीजों को भर्ती किया गया। वर्ष 2023 में 61588 मरीजों को भर्ती किया गया। इस वर्ष पिछले तीन माह में सबसे ज्यादा मरीज मार्च में इलाज कराने आए। मार्च में मरीजों की संख्या 57061 हजार रही। एक अप्रैल से 25 अप्रैल तक लगभग 42 हजार मरीज इलाज के लिए आए। सुशील ने बताया कि ऑनलाइन पर्ची बनने से ओपीडी में कतार कम हो रही है। ऑनलाइन पर्चा बनाने के काउंटर पर चार की जगह अब छह स्टॉफ कार्य कर रहे हैं। वहीं पीएमएसएसवाई बिल्डिग में भी ऑनलाइन पर्चा बनने से मरीजों की भागदौड़ कम हुई है। पहले मरीज नई बिल्डिग में पर्चा बनवाने के बाद मरीज पीएमएसएसवाई बिल्डिग की ओपीडी में जाते थे।

# यूपी की रैंकिंग में प्रयागराज स्वास्थ्य विभाग पिछड़ा

## मार्च की रैंकिंग में 56वें नंबर पर है जनपद, अधीक्षकों के साथ सीएमओ ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग इन दिनों सुस्त पड़ा है। अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते प्रयागराज के स्वास्थ्य विभाग की स्टेट रैंकिंग मार्च में 56वें स्थान तक पहुंच गई है। इस संबंध में पिछले दो दिनों से (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉ. आशु पांडेय जिले भर के सीएचसी अधीक्षकों व अन्य जिम्मेदार कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं।उन्होंने इस खराब प्रदर्शन पर उन्होंने नाराजगी जताई और एक सप्ताह के अंदर इसमें सुधार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। इस संबंध में 5-6 मई को फिर समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी और रैंकिंग में सुधार के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी ली जाएगी। एसीएमओ डॉ. एके तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. नवीन गिरि, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने भी इसमें सुधार के टिप्स दिए हैं।



### पिछले एक साल में सबसे घटिया रैंकिंग

पिछले एक वर्ष पहले की रैंकिंग की बात की जाए तो अप्रैल-2023 में प्रयागराज प्रदेश में आठवें स्थान पर था। मई में 10वें स्थान पर, जून में 21वें स्थान पर, जुलाई में 18वें स्थान पर, अगस्त में 18वें स्थान पर, सितंबर में 17वें, अक्टूबर में आठवें, नवंबर में 12वें स्थान पर, दिसंबर में 16वें स्थान, जनवरी में 29वें, फरवरी में 36वें और मार्च में यह रैंकिंग बहुत ही पीछे आ गई। मार्च-2024 में 56वें स्थान पर है यह रैंकिंग।

# सदर बाजार में एजीकर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

**प्रयागराज।** कैंट थानाक्षेत्र में सदर बाजार निवासी 59 वर्षीय एजीकर्मी सुनील कुमार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर कैंट पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घरवालों का आरोप था कि वह धोखाधड़ी के शिकार हो गए थे जिसकी वजह से काफी परेशान थे।सुनील कुमार एजी ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। मृतक के एक पुत्री नंदनी और पत्नी मधु है। बताया जाता है कि सोमवार रात वह खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। मंगलवार सुबह जब देखा गया तो वह कमरे में फांसी के फंदे पर लटक रहे थे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनसे एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर एक व्यक्ति ने लोन ले लिया था। आए दिन बैंकवालों के फोन से वह परेशान थे। बैंक के सभी कागजात और एटीएम कार्ड उसी व्यक्ति के पास हैं। सोमवार को वह घर में काफी परेशान थे। काफी पूछने पर बताया था कि उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई है।

# जज के चेंबर में मारपीट करने वाले वकीलों के कचहरी में प्रवेश पर रोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को जिला न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में घुसकर वादकारियों से मारपीट और तोड़फोड़ करने की घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। घटना को लेकर सिविल जज की ओर से भेजे गए रेफरेंस का संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने दोनों आरोपी वकीलों रणविजय सिंह और मोहम्मद आसिफ के जिला न्यायालय परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। साथ ही दोनों को आपराधिक और अवमानना का नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उन्हें आपराधिक अवमानना के लिए दंडित किया जाए। कोर्ट ने जिला जज से पूरी घटना को लेकर रिपोर्ट भी मांगी है और सीसीटीवी फुटेज आदि देखकर यह पता लगाने को कहा है कि इस घटना में अन्य कौन-कौन लोग व अधिवक्ता शामिल रहे।रेफरेंस पर संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने कहा कि इस घटना ने अदालत की कार्रवाई किस प्रकार से संचालित हो रही है, उस पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। पीठासीन अधिकारी द्वारा भेजे गए रेफरेंस से पता चलता है कि इन वकीलों की वजह से अदालत की प्रक्रिया पूरी तरीके से ठप हो गई। इस प्रकार की घटनाएं न्यायिक प्रक्रिया के संचालन के लिए गंभीर चुनौती हैं और इन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि प्रथमदृष्टया अधिवक्ता रणविजय सिंह और मोहम्मद आसिफ द्वारा आपराधिक अवमानना का स्पष्ट मामला है।सिविल जज द्वारा भेजे गए रेफरेंस में कहा गया कि सोमवार को उनकी अदालत में मुलायम सिंह बनाम तरसू लाल के दीवानी मुकदमे की सुनवाई चल रही थी, तभी वकीलों का एक गुट कोर्ट में घुस आया और रणविजय सिंह व अन्य बनाम खुर्शीद अहमद के मुकदमे की सुनवाई के लिए दबाव बनाने लगा। इसमें वादकारी स्वयं अधिवक्ता है। अधिवक्ता रणवि सिंह और उनके साथ आए अन्य वकीलों ने सुनवाई का दबाव बनाते हुए वादकारियों को पीटा। पीठासीन अधिकारी से भी दुर्व्यवहार किया गया। सिविल जज ने इन सभी तथ्यों को मुकदमे की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड किया है और जिला जज ने इसका रेफरेंस हाईकोर्ट को भेजा है।पीठासीन अधिकारी ने अपने आदेश में लिखा है कि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने अपने स्तर से मामले को सुलझाने की कोशिश की लेकिन रणविजय सिंह और मोहम्मद आसिफ उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद अध्यक्ष खुद को बचाने के लिए कोर्ट से बाहर चले गए। उधर,रणविजय सिंह के साथ आए वकीलों की भीड़ कोर्ट में डाय तक चली आई और परवेज अंसारी और उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। जब दोनों बचने के लिए जज के चेंबर में घुस गए तो वकीलों ने वहां भी घुसकर उनकी पिटाई की। पीठासीन अधिकारी को स्वयं को बचने के लिए सीजेएम के चेंबर में भागना पड़ा। संबंधित पुलिस अधिकारियों को इस घटना की तत्काल सूचना दी गई। पीठासीन अधिकारी ने खुद की सुरक्षा को भी खतरा जताया है क्योंकि घटना उनके चैंबर व कोर्ट में हुई है। पीठासीन अधिकारी ने जिस क्रम में पूरी घटना घटित हुई, उसी क्रम में अपने आदेश में उसे रिकॉर्ड किया है। हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को निर्देश दिया कि जिला जज की मांग पर पर्याप्त पुलिस बल जिला न्य परिसर में तैनात किया जाए ताकि इस प्रकार की घटना दोबाराना हो सके।

# जमीनी रंजिश को लेकर हुआ खूनी संग्राम, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** इलाके के लेहरा गांव में मंगलवार सुबह में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी,डंडा,सरिया से मारपीट हो गई। जिसमे एक पक्ष से पांच लोग घायल हो गए वहीं दूसरा पक्ष मारकर भाग गया। मामले में पीड़ित पक्ष ने फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र दिया। पुलिस मजरूबी बनाकर मेडिकल के लिए सीएचसी सोरांव भेज दिया। लेहरा गांव निवासी निरंजन कुमार एडवोकेट सोरांव में विधि व्यवसाय करते है। रोज की तरह है वह मंगलवार को भी सोराव तहसील आने के लिए तैयार हो रहे थे तभी पड़ोस के ही आरोपीगण पप्पू उर्फ बिंदेश्वरी पुत्र पन्नालाल सचिन, शिवम, करण पुत्रगण बिंदेश्वरी प्रसाद ने उसके घर के सामने बने खड़ंजे की तरफ खाली जमीन को कब्जा करने लगे। तभी भुक्तभोगी ने कब्जा करने से मना किया तो आरोप है कि आरोपी गणों ने पूर्व योजना के तहत प्रार्थी को लाठी, डंडा, सरिया आदि से हमला कर दिए। तथा गंदी- गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। शोरगुल सुन पीड़ित की बहन पत्नी व भाई भी बीच बचाव करने आए तो आरोपी गणों ने उन लोगों को भी जमकर पिटाई कर दिए। जान बचाने के लिए पीड़ित की पत्नी घर के अंदर चली गई तो आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर महिला को जमकर मारे पीटे तथा गले में पहना मंगलसूत्र भी ले लिए। मामले में पीड़ित पक्ष फाफामऊ थाने पर तहरीर दिया। जिसको मेडिकल मुआयना के लिए सीएससी सोराव भेज दिया गया। चोट ज्यादा होने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने थाना अध्यक्ष से मुकदमा लिखने की मांग किया है।

# वेतन को लेकर शुआट्स विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शैक्षणिक कर्मचारियों का फिर फूटा गुस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी मंगलवार को शुआट्स विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शैक्षणिक कर्मचारियों का गुस्सा वेतन को लेकर के पुनः फूट पड़ा. शुआट्स शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन पिछले कई महीनो से नहीं दिया गया है और अब बकाया वेतन 11 महीने के रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है। शिक्षक कर्मचारी कई महीनो से इतनी गर्मी होने के बावजूद अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रहे हैं उसके बावजूद ना उनका मासिक वेतन दिया जा रहा है ना उनका बकाया वेतन दिया जा रहा है इससे नाराज होकर सैकड़ो शिक्षक एवं कर्मचारियों ने कुल सचिव कार्यालय के सामने घंटो लगातार प्रदर्शन किया एवं अधिकारियों से मिलने के लिए कुलपति ऑफिस एवं कुलसचिव ऑफिस गए जहां पर सारे अधिकारी नदारत मिले शिक्षकों एवं कर्मचारियों का कहना था कि जब भी हम लोग बकाया वेतन देने की बात आती है इसी तरीके से सारे अधिकारी अपना कार्यालय छोड़कर के भाग खड़े होते हैं।शिक्षकों का कहना है कि डी एम इलाहाबाद से हुई मीटिंग में यह आश्वासन दिया गया था कि जुलाई दिसंबर 2023 सेशन की परीक्षा विधिवत एवं समय पर कराने पर हम लोगों का वेतन निर्गत कर दिया जाएगा एवं बकाया वेतन भी दे दिया जाएगा किंतु आज तक एक भी बात पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अमल नहीं किया गया है। इसके अलावा कुलपति आरबी लाल एवं शिक्षकों तथा कर्मचारियों के मध्य हुई दो मीटिंग्स में यह आश्वासन दिया गया कि हर महीने एक वेतन निर्गत किया जाएगा एवं 26 अप्रैल 2024 को माननीय न्यायालय से भूमि विक्रय करने की अनुमति मिलते ही बकाए 11 महीने का वेतन भी निर्गत कर दिया जाएगा किंतु शुआट्स प्रशासन ने स्वयं द्वारा दिए गए आश्वासन को धता बताते हुए सारी सीमाएं लांघ दी हैं एवं हर महीने एक वेतन निर्गत करने तक के अपने आश्वासन को पूरा नहीं किया है, जिसकी वजह से बकाया वेतन फिर से 11 महीने के रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है।

### वेतन की आड़ में तालाबंदी किया जाना अनुचित

नैनी, प्रयागराज । मंगलवार को कुछ शिक्षक व कर्मचारियों ने वेतन की मांग की आड़ में जबर्दस्ती प्रशासनिक भवन, कुलसचिव कार्यालय, वित्त विभाग के कर्मचारियों को विभागों से बाहर कर कार्यालयों में तालाबंदी करा दी जो पूर्णतया अनुचित है। कुलसचिव ने अपने पत्र दिनांकित 12 अप्रैल, 2024 द्वारा सभी शिक्षक व कर्मचारियों को सूचित कर दिया था कि समस्त बकाये वेतन के भुगतान हेतु बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट की बैठक में संस्थापक सोसायटी से भूमि विक्रय करने की अनुमति मांगी गई थी सोसायटी द्वारा भूमि विक्रय का अनुमोदन दिया जा चुका है। वर्तमान में माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है, आदेश प्राप्त होने पर भूमि विक्रय किया जायेगा। ऐसे में कुछ शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा जबदरन तालाबंदी से वेतन भुगतान का जो प्रयास विश्वविद्यालय कर रहा है उसमें अड़चन उत्पन्न हो रही है, सभी प्रशासनिक कार्य ठप्प पड़ गये हैं, साथ ही एडमीशन प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।विश्वविद्यालय प्रबंधन सभी शिक्षकों का कर्मचारियों को विश्वास दिलाता है की बकाया वेतन भुगतान के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है। विश्वविद्यालय/सोसायटी की भूमि के विक्रय से प्राप्त धनराशि से सभी के बकाया वेतन का भुगतान किया जायेगा।

**कुलसचिव, शुआट्स, प्रयागराज।**

# स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर बनी महामंडलेश्वर कौशल्या नंद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की मेंबर और किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि को नगर निगम ने स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। किन्नरों के जरिए नगर निगम स्वच्छता का संदेश देगा। सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय ने इसकी घोषणा की। उन्हें ब्रांड एंबेसडर का मोमेंटो भी दिया गया।कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि हमारे किन्नर लोग घर-घर जाकर बधाईयां लेते हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हैं। वहीं किन्नर अब लोगों के घरों में जाने पर उन्हें स्वच्छता का भी संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि प्रयागराज पूरे देश में विख्यात है। इसे सुंदर और स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी महज सरकार या नगर निगम की नहीं बल्कि प्रयागराज की प्रत्येक जनता को है।

### प्रयागराज में किन्नर घर-घर देंगे स्वच्छता का संदेश



**डस्टबिन में ही डालेंगे कचरा :** सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय ने कहा नगर निगम इंदौर की तर्ज पर प्रयागराज को भी स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए एक-एक व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। इसी उद्देश्य से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर को भी ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। उनकी पहल पर किन्नर घर-घर स्वच्छता का संदेश देंगे और यह भी बताएंगे कि घर से निकलने वाले कचरे को सड़क पर न फेंके, इसे कूड़ेदान में ही फेंके ताकि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहे और शहर भी स्वच्छ रहे।



# इलाहाबाद हाईकोर्ट में हार्ट अटैक से अधिवक्ता की मौत, हॉल में बैठे-बैठे हुए बेहोश; गिरने से मची अफरा-तफरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को करीब 12.30 बजे अफरा तफरी मच गई जब एक अधिवक्ता बेहोश हो कर गिर पड़े। कुछ देर बाद स्थित साफ हुई तो पता चला कि पीड़िता अधिवक्ता का नाम मनीष कुमार दुबे है। घटना के वक्त मनीष त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। घटना के बाद साथी वकील उन्हें तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# प्रयागनगरी से दिल्ली, मुंबई, जयनगर, गया जाना होगा आसान, चलेगी यह विशेष ट्रेन, देखें समय सारिणी



**प्रयागराज।** गया से आनंद बिहार के बीच में भी विशेष ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज के रास्ते चलाई जाएगी। 03639 गया-आनंद विहार प्रयागराज में रात 12.40 बजे पहुंचेगी और 10 मिनट ठहराव के बाद 12.50 बजे रवाना हो जाएगी। यह एक मई को प्रयागराज आएगी। वहीं 03640 आनंद विहार-गया विशेष ट्रेन रात 8.30-8.40 बजे प्रयागराज पहुंचेगी और एक मई को ही इसका संचालन होगा।गर्मी तेज होने के साथ ही ट्रेनों में भीड़ भी बढ़ती जा रही है। नियमित ट्रेनों में आरक्षित टिकट नहीं मिल पा रहा है। इस परेशानी को देखते हुए लगातार रेलवे विशेष ट्रेनों की घोषणा कर रहा है। उसी क्रम में रेलवे ने दिल्ली, मुंबई, जयनगर, गया समेत कई रूटों के लिए विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी है। इन ट्रेनों में अभी सीटें खाली हैं। यह ट्रेनें गर्मी में बिना सीट के यात्रा कर रहे यात्रियों की राह आसान करेंगी।

# न्यूज झरोखा

## प्रयागराज देश में 5वां सबसे गर्म शहर

**प्रयागराज।** यूपी में गर्मी बढ़ती जा रही है। प्रयागराज देश का 5वां सबसे गर्म शहर रहा। यहां सोमवार को अधिकतम तापमान 44.2त्ड रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में दिन के साथ ही रात भी गर्म होने लगी है। सीजन में पहली बार अयोध्या का तापमान भी 43त्ड दर्ज किया गया, जो औसत से 4 डिग्री अधिक रहा।मौसम विभाग ने मंगलवार को यूपी के 31 शहरों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया। इनमें पारा 40 से 45त्ड के करीब पहुंच सकता है। कानपुर की उरअ यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. सुनील पांडेय ने बताया कि गर्मी और तापमान अभी और बढ़ेंगे। पारा 45त्ड को भी पार कर सकता है।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद (विधानसभा क्षेत्र 259-मेजा, 260-करछना एवं 263-इलाहाबाद दक्षिणी) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रवि कांत गुप्ता मो0नं0-8176836257,लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद (विधानसभा क्षेत्र 264-बारा, 265-कोरांव) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक बी0 नवीन कुमार-9936645566,लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर (विधानसभा क्षेत्र 256-फूलपुर, 262-इलाहाबाद उत्तरी,) के लिए नियुक्त प्रेक्षक व्यय राज कुमार प्रजापत-9956645567 लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर (विधानसभा क्षेत्र 254-फाफामऊ, 255-सोरांव, 261 इलाहाबाद पश्चिमी) के लिए व्यय प्रेक्षक संतोष कुमार-9956315568 नियुक्त किए गए है। यदि कोई व्यक्ति लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के व्यय से सम्बंधित कोई शिकायत या सूचना प्रेषित करना चाहता है, तो वह उनके उपरोक्त दिए गए मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है।

## औधोगिक क्षेत्र पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से चार देशी बम बरामद किया

**नैनी।** नौनी औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में गठितथाना टीम द्वारा अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी सडवा कला थाना औद्योगिक क्षेत्र को बीपीसी के पीछे नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से चार देशी नाजायज बम बरामद किया गया। जिसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत करते हुए चालान किया गया।

## मंझे से शिक्षक का गर्दन और हाथ कटा

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के पंत संस्थान के पास सोमवार की शाम बाइक से शहर जा रहे शिक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी चाइनीज मंझे की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी गर्दन और हाथ में चोट आई थी। उन्हें आधा दर्जन टांके लगाए गए हैं। थाना क्षेत्र के हवेलिया गांव निवासी दिनेश कुमार त्रिपाठी हनुमानगंज स्थित तिलक इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। सोमवार की शाम तकरीबन सात बजे वह बाइक से शहर जा रहे थे। पंत संस्थान के पास पहुंचने पर वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। लोगों ने उन्हें लहूलुहान हालत में झूंसी के हास्पिटल में भर्ती कराया। यहां पर शिक्षक को हाथ में कई टांके लगाए गए। हादसे के कारण जीटी रोड पर कुछ देर के लिए खलबली मच गई थी।

## अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुल्डोजर

**झूंसी।** नगर निगम ने मंगलवार को झूंसी में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला कर सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटा कर जुर्माना भी वसूला। शास्त्री पुल से अंदावा तक जीटी रोड के दोनों तरफ नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने ठेला, सब्जी, चाय की दुकान के साथ टीन शेड सहित कई अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण हटाया साथ मे 15 हजार रुपये जुर्बना भी वसूला गया और लोगो को हिदायत भी दी। कार्यवाही के दौरान जोनल कर्नल दिनेश तंवर ,सहायक नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला अतिक्रमण दस्ता के आरआई चंद्रशेखर, जोनल अधिकारी सुदर्शन चंद्र आदि मौजूद रहे।

# बसपा बिगाड़ सकती है भाजपा-सपा का चुनावी गणित

**त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी प्रतापगढ़ संसदीय सीट**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में बसपा ने सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाते हुए ब्राहमण प्रत्याशी आखिर में घोषित कर ही दिया। कल देर रात आई बसपा की सूची में प्रथमेश मिश्र का नाम था। इस घोषणा से आज राजनीतिक क्षेत्रों में गहमा-गहमी बहुत बढ़ गई है।

राजनैतिक सूत्रों की मानें कि बसपा अब प्रतापगढ़ क्षेत्र में सपा और भाजपा के बीच में अपना स्थान बनाकर राजनीतिक चुनावी गणित को प्रभावित करेगी। आज बसपा प्रत्याशी प्रथमेश पहली बार प्रत्याशी होकर शहर आए तो बसपा के जोनल प्रभारी राजू गौतम व उनकी टीम ने बसपा पदाधिकारियों से उनका परिचय कराया और पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने के टिप्स दिये। बसपा द्वारा ब्राहमण कार्ड खेलने से यह चुनाव अब पूर्णतया जातीय मकड़जाल में फंस गया है। भाजपा व सपा प्रत्याशी बैकवर्डों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किये हुए हैं तो मायावती ने प्रतापगढ़ में सवर्ण कार्ड खेलकर सभी को और उलझा दिया है।

बता दें कि प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में दो विधान सभा क्षेत्रों सदर और विश्वनाथगंज पर भाजपा का कब्जा है। सदर से विधायक राजेन्द्र मौर्य और विश्वनाथगंज से विधायक जीतलाल पटेल के अलावा समाजवादी पार्टी में पट्टी व रानीगंज से सपा के विधायक राम सिंह पटेल व डा0 आरके वर्मा प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रामपुर खास से प्रमोद तिवारी की बेटी आराधना मिश्र मोना विधायक हैं। इस तरह तीन विधायक इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ और दो विधायक भाजपा प्रत्याशी के साथ हैं। बसपा का कोई विधायक नहीं है लेकिन वह अपनी सोशल इंजीनियरिंग लगाते हुए सवर्ण, बैकवर्ड, अनुसूचित जाति व अल्पसंख्यकों को मिलाकर चुनाव लड़ने के फेर में है। इससे यह चुनाव और दिलचस्प बनेगा।

## माता पिता भाजपा में, बेटे ने पकड़ी हाथी की सूंड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के पिता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वह कुण्डा विधान सभा से भाजपा से दो बार विधान सभा का चुनाव लड़ चुके हैं। प्रथमेश की माता सिंधुजा मिश्रा जिला सहकारी बैंक की अध्यक्षा रही हैं और वह विश्वनाथगंज से भी भाजपा से चुनाव लड़ चुकी हैं। दोनों अभी भी भाजपा में हैं। इस बारे में शिव प्रकाश मिश्र ने कहा कि वह कौशाम्बी के प्रभारी हैं। बेटे ने उनसे कोई राय मशवरा नहीं लिया।

## जमीनी विवाद में महिला को लाठी डंडों से मारपीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक राय होकर महिला के घर आकर मां बहन को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह महिला की जान बची।

पीड़िता ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर कप्सा गांव की रहने वाली गीता देवी पत्नी रामचरण ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह उक्त पड़ोसियों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार लेकर आए। और गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे। मारपीट के दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। और उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# न्यू एंजिल्स स्कूल में मतदाता शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



मतदाता शपथ कार्यक्रम में मौजूद डा0 शाहिदा व अन्य।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व विधानसभा सदर के नोडल अधिकारी स्वीप डॉ मो अनीस के संयोजन में एक विशाल मतदाता शपथ कार्यक्रम न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलवरिया प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह ने मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद अनीस नोडल अधिकारी विधानसभा सद?, विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा, विपिन कुमार सोनी एवं समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

# दूरस्थ माध्यम से शिक्षा देने में इग्नू ने विश्व में प्राप्त किया पहला स्थान

**एमडीपीजी कालेज में इग्नू की हुई परिचयात्मक बैठक**

**अखंड भारत संदेश**




परिचयात्मक बैठक में बोलते प्राचार्य मनोज मिश्र।

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आज एक इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस सभा के मुख्य अतिथि एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मनोज मिश्र एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रोफ़ेसर किरण मिश्रा और प्रोफ़ेसर राधाकृष्ण दूबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर मनोज मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में इग्नू के अन्तर्गत 250 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं और 30 लाख से भी अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू के माध्यम से विद्यार्थी रोज़गारपरक शिक्षा में संलग्न हो सकते हैं। प्रो किरण मिश्रा ने कहा कि इग्नू को देश का सर्वोच्च नैक ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त है और इसकी गुणवत्ता की वजह से विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी इग्नू अध्ययन सामग्री द्वारा अध्ययन करते हैं। प्रो राधाकृष्ण दुबे ने नई शिक्षा नीति में इग्नू की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ माध्यम से शिक्षा देने में इग्नू ने विश्व में पहला स्थान प्राप्त किया है। ज्ञान दर्शन, ज्ञान वाणी और स्वयंप्रभा चैनलों के माध्यम से इग्नू देश के कोने कोने तक शिक्षा का दीप जला रहा है। इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जो न केवल भारत में बल्कि भारत के बाहर भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। प्रतापगढ़ अध्ययन केंद्र पर वर्तमान में 40 से अधिक व

ोर्स मौजूद हैं जिनमें किसी भी उम्र का व्यक्ति प्रवेश ले सकता है। उन्होंने प्रवेश लिए छात्रों को इग्नू के असाइनमेंट, एग्जाम, डिजिटल लाइब्रेरी, स्कालरशिप और प्लेसमेंट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इग्नू के शिक्षा शास्त्र के काउन्सलर डा संजय कुमार दुबे ने इग्नू के परीक्षा प्रणाली और असाइनमेंट लिखने के तरीको को बताया। उन्होंने छात्रों से इग्नू के साथ अपने अनुभव को साझा किया। काउन्सलर डॉ छवि नारायण पांडेय ने इग्नू के शिक्षार्थियों को विभिन्न पीजी, यूजी, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इग्नू के रोज़गार परक कोर्स के महत्व को साझा किया। अंत में समन्वयक द्वारा सभी प्रवेशार्थियों के प्रश्नों का निदान किया गया। सभा का संचालन इग्नू छात्रा दीक्षा जैन ने किया। सभा में काउन्सेलर डा0 शैलेश पांडेय, डा0 अरुण कुमार मिश्र, कोमल मिश्रा, हिफ्ज़ा अंसारी, विजय पांडेय, रोहन सिंह, अयूब खाऩ उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर हुई मारपीट पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई मारपीट के मामले मे दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी अवधेश पाल की पत्नी मिथलेश पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती पचीस अप्रैल को सुबह दस बजे गांव के अभय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार व कृष्ण कुमार सिंह पुत्र रामलखन ने रंजिश के चलते घर में घुसकर उसे पीटने लगे। बीचबचाव करने पर पति व सास को भी मारपीट कर अधमरा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास का आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले मे वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक मुसाफिर यादव मंगलवार को गश्त पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि सांगीपुर के कटरा तिराहे के पास हत्या के प्रयास के मामले मे वांछित चल रहा आरोपी मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ मे आरोपी की पहचान मानवेंद्र सिंह उर्फ मिंटू पुत्र अवधेश सिंह निवासी पूरे नंदावैस राजमतीपुर के रूप में हुई। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## एनसीसी कैडेट्स को मतदान के लिये दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी प्रतापगढ़ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर होने वाले 25 मई के लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट के कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं को उप जिला अधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह ने शपथ दिलाते हुए अपने संबोधन में कहा कि 25 मई के मतदान महापर्व के प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि कोई मताधिकार से वंचित न रह जाए विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्र ने किया।

## गेहूं के खेत में रखा भूसे के ढेर में लगी आग, मचा हड़कंप

**सूचना के लगभग दो घंटे बाद पहुंची दमकल की गाडी**

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे गेहूं के भूसे के ढेर मे लगी आग को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ग्रामीण लोग आग बुझाने के लिये दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया सूचना मिलने पर दें से पहुंची दमकल के पुलिस कर्मियों ने धू धू करके जल रहे गेहूं के लगे भूसे के ढेर को पुरी तरह पानी से बुझाया।उक्त गांव निवासी बाल मुकुंद पांडे का दस विस्वा, पृथ्वीपाल सरोज परसई का पंद्रह विस्वा, विनोद का डेढ़ बीधा व राजेंद्र प्रसाद पांडे का एक बीघा भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि भूसे के ढेर के बगल में थोड़ी दूर पर सरपत लगा था जिसमें पड़ोसी गांव के किसी शरारती बच्चों ने बीड़ी पीकर फेक दिया था, जो बगल मे गेहूं का ढेर रखा था। सरपत में आग लगते लोग दौड़ पड़े। किसी तरह गेहूं को बोरी मे भरकर ग्रामीणो ने हटा दिया, लेकिन भूसे के लगे ढेर को नही हटा सके क्योकि हवा के तेज रहने से भूसे के ढेर मे आग पकड़ लिया जो जलकर राख हो गया।

# मास्टर ट्रेनर ने मताधिकार की महत्ता व अनिवार्यता पर दिया जोर

**चुनाव प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले उपकरणों की दी जानकारी**

**अखंड भारत संदेश**



चुनाव सम्बन्धी प्रक्रिया की जानकारी देते मास्टर ट्रैनर अनिल कुमार।

**प्रतापगढ़।** राजकीय हाई स्कूल सराय आनादेव के विद्यार्थियों को रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से चुनाव प्रक्रिया एवं मताधिकार का प्रयोग सम्बन्धी समस्त जानकारी प्रदान करने के लिए विज्ञान शिक्षक एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार निलय ने मताधिकार- महत्ता, अनिवार्यता एवं आवश्यकता विषयक अभिनव प्रयोग आरंभ किया है।

इसके माध्यम से वे विद्यार्थियों को ई0वी0एम0 पद्धति पर आधारित चुनाव प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले उपकरणों सी0यू0(कंट्रोल यूनिट),बी0यू0(बैलेट यूनिट) एवं वीवीपैट(वोटर वेरीफाईएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की प्रयोग विधि एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने में वीवीपैट की महत्वपूर्ण भूमिका से भी रूबरू कराया जा रहा है। पहल को रोचक बनाने के लिए मतदान अधिकारियों की भूमिका विद्यालय के विद्यार्थी निभा रहे हैं।

पीठासीन अधिकारी की भूमिका का निर्वहन मानसी विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। प्रथम मतदान अधिकारी मानसी मौर्या, द्वितीय मतदान अधिकारी शिखा वर्मा एवं तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में कोमल विश्वकर्मा को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान अनिल कुमार निलय द्वारा मतदान अधिकारी के दायित्व, अधिकार एवं दायित्व निर्वहन के दौरान ध्यान रखने योग्य बातों के संबंध में जानकारी प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। पहल के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों अपितु उनके माध्यम से उनके अभिभावकों को भी मताधिकार की महत्ता, आवश्यकता एवं अनिवार्यता से अवगत कराने प्रयास किया जा रहा है ताकि जनपद प्रतापगढ़ अपने शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

## चोरों ने विद्यालय के किचन का ताला तोड़कर उठा ले गए गैस सिलेंडर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विरौती के किचन के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने बीती रात उसमें रखा गैस सिलेंडर उठा ले गए। विद्यालय खुलने के बाद चोरी की जानकारी हुई तो प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विरौती में बीती रात चोरों ने विद्यालय के किचन का ताला तोड़कर उसमें रखा गैस सिलेंडर उठा ले गए। सुबह जब विद्यालय खुला तो अध्यापक ने देखा तो किचन का ताला टूटा है। उसमें रखा गैस सिलेंडर गायब है। इसकी सूचना जब गांव वालों को हुई तो लोग विद्यालय में एकत्रित हो गए। प्रधानाध्यापक अमर नारायण दूवे ने इसकी सूचना पुलिस और विभागीय अधिकारी को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल में डटी हुई है।

## घर में घुसकर किशोरी से हुई छेडछाड में आरोपी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी से छेडछाड के आरोप में पडोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के बबुरी सराय जानमती निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस अप्रैल को गांव के जीशान पुत्र जमील ने उसकी सोलह वर्षीया पुत्री के साथ घर में घुसकर छेडछाड की। आरोपी ने किशोरी का जबरन कपड़ा उतारने का भी प्रयास किया।

## काशी में हिन्दी साहित्य-रत्न सम्मान से नवाजे गऐ डॉ. दयाराम मौर्य

**अखंड भारत संदेश**




डा0 दयाराम मौर्य को सम्मानित करते अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** जिले के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न को उनकी व्यापक बहुविधा की साहित्यिक-शैक्षिक उपलब्धियों के लिए विश्व हिन्दी शोध-संवर्धन अकादमी एवं हिन्दी विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से हिन्दी साहित्य-रत्न सम्मान से समलंकृत किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. रत्न को विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप व अकादमी के संरक्षक केशव जालान ने प्रदान किया। समारोह में डॉ. रत्न के हिन्दी विकास के उल्लेखनीय योगदान पर चर्चा भी हुई। अब तक उन्हें देश-विदेश की विशिष्ट संस्थाओं द्वारा 182 सम्मान-पुरस्कार मिल चुके हैं। सम्मान पाने पर बेल्हा के प्रबुद्धजनों ने सृजना कुटीर, अजीतनगर पहुंचकर शाल और स्मृति चिन्ह से विभूषित किया। उक्त सम्मान पर खुशी प्रकट करते हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने बेल्हा का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। वे जनपद के निर्विवाद गौरव हैं। इस मौके पर डॉ. रत्न का अभिनन्दन करने वालों में अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, सुनील कुमार सिंह, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, जितेंद्र कुमार मौर्य, राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया प्रमुख रहे। संचालन युवा साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया। अंत में अपार स्नेह हेतु डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि यह सम्मान गृह जनपद वासियों को समर्पित है।

# सांसद विनोद सोनकर ने क्षेत्र भ्रमण कर मांगा समर्थन

**कुण्डा दीवानी न्यायालय एवं कचेहरी में अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन**

**अखंड भारत संदेश**



कुण्डा दीवानी न्यायालय एवं कचेहरी में अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर मंगलवार को दीवानी न्यायालय कुण्डा पहुंच कर अधिवक्ताओं से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इसके बाद कुण्डा कचेहरी पहुंच कर अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से मिलकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये समर्थन मांगते हुए कहा कि 2014 के पहले एक ऐसी सरकार थी, जिनके कार्यकाल में देश की सीमाएं सुरक्षित नही थी।

उन्होंने कहा कि 2014 के पहले कुण्डा बाबागंज में न तो अच्छी सड़के थी। न ही दूर दराज के गांवों में लाईट। पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता पूर्ण सड़क बनाई गई। आजादी के बाद 55 वर्ष बीतने के बाद जिन गांवों में बिजली नही पहुंच पाई थी। वहां पर भाजपा की सरकार में बिजली पहुंचाई गई। यही नही गर्मियों में बिलजी कटने की अक्सर शिकायत आती थी। मेरे प्रस्ताव पर खुले तार को हटा कर केबिल वाला तार लगाया जा रहा है। कुण्डा के जीर्णशीर्ण रोड़बेज बस अड्डा को 40 लाख की लागत से पुनः बनावाया गया। रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराया गया। बकुलाही नदी पर कई पुल बनाये गए। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनकर, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, पुंडरीक मिश्र, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय, आशुतोष जायसवाल,योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, सन्तोष पाण्डेय, डॉ सुमन साहू, गोलू शुक्ल, महेश सिंह फौजी, धीरेंद्र मौर्य, बबलू मिश्र, ज्ञान चन्द्र यादव, सूरज शुक्ल, देवराज मौर्य, विजय मिश्र, हिमांशु मिश्र, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, अनिल पटेल, सौरभ, बृज किशोर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# विरासत कर पर विवाद को खींचने का कोई आधार नहीं

यह प्रयास सार्थक नहीं था, क्योंकि राजस्व अर्जन संपत्ति शुल्क के प्रशासन के अनुरूप नहीं था। इस देश में, संपत्ति शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, बड़े जमीन जायदाद के मालिकों ने संपत्ति के स्वामित्व को जारी रखने के लिए कानूनी कल्पनाएं रची थीं। ट्रस्ट पसंदीदा माध्यम थे। हिन्दू अविभाजित परिवारों की भी कुछ उपयोगिता थी। पुराने परिवारों में कुलदेवता के नाम पर ट्रस्ट बनाना भी एक व्यापक प्रथा थी।

विरासत कर को फिर से लागू करने का विवाद किसी और ने नहीं बल्कि पुराने तकनीक प्रेमी सैम पित्रोदा ने उठाया था, जिसने लोकसभा चुनाव के मौजूदा अभियान में विपक्षी कांग्रेस को एक बड़ी दुविधा में डाल दिया है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ताजा चुनावी भाषणों में जो हंगामा मचाया है, वह गलत है, क्योंकि यह कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा नहीं है और सैम पित्रोदा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नहीं हैं।

सैम पित्रोदा ने राजीव गांधी के सलाहकार के रूप में अपने शुरूआती वर्षों में एक विशिष्ट मौलिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने भारत के आधुनिकीकरण के लिए पांच मिशन मोड का विचार रखा था, जिनमें से टेलीकॉम मिशन ने परिवर्तन एजेंट के रूप में काम किया था।

पित्रोदा ने सी-डॉट (टेलीमैटिक्स विकास केंद्र) की स्थापना की थी, जिसने देश के दूरदराज के इलाकों में दूरसंचार सेवाओं का विस्तार करने के लिए अनुसंधान और विकास परियोजनाएं शुरू कीं। उन शुरूआती दिनों में, सी-डॉट ने भारतीय परिस्थितियों के लिए विशिष्ट दूरसंचार अनुप्रयोगों पर कुछ मौलिक शोध किये थे जो विशिष्ट रूप से प्रासंगिक थे।

दूरसंचार क्षेत्रों के बाद के उदारीकरण के तरह दूरसंचार सेवाओं पर दूरसंचार मंत्रालय के एकाधिकार को खत्म करने से देश में दूरसंचार क्रांति को बढ़ावा मिला। दूरसंचार क्षेत्र को खोले बिना अगली सबसे अच्छी चीज, आईटी क्रांति और भारत का आईटी महाशक्ति के रूप में उभरना, संभव नहीं हो सकता था।

उन दिनों से सैम के नाम से मशहूर सत्येन्द्र गोवर्धनदास पित्रोदा अपने मूल स्थान अमेरिका वापस चले गये थे। लगभग चालीस साल पहले सैम पित्रोदा की इन शुरूआती चमक ने अपना काम किया है और अब सैम उस पुरानी प्रमुखता को फिर से हासिल करना चाह रहे हैं, लेकिन पुराने विचारों के साथ।

आज सैम पित्रोदा को कुछ ऐसे विचारों के लिए हल्के में खारिज करना अनुचित होगा जो शायद देश की वर्तमान आकांक्षाओं से मेल नहीं खाते। वह केवल उस विचार को आगे बढ़ा रहे थे जिसे राहुल गांधी ने देश में आय असमानता के बारे में अपने चुनावी भाषणों के दौरान उठाया था। यदि व्यापक असमानता है तो तुरंत इसकी जड़ों पर हमला क्यों न किया जाये।

लेकिन ऐसा विचार आज की युगचेतना के विरुद्ध है। विरासत कर, या जिसे अक्सर मृत्यु दिवस के रूप में जाना जाता है, ऐसा ही एक है।

मरणासन्न स्थैतिक दुनिया में, जहां खेल हमेशा 'मैं जीतता हूं, तुम हारते हो' जैसा होता है, ऐसे विचारों के लिए कुछ अपील है। गतिशील रूप से बढ़ते परिदृश्य में, जहां नये अवसर उभर रहे हैं, जहां खेल हमेशा 'जीत-जीत' समाधान का होता है, ऐसे विचार खिड़की से बाहर चले जाते हैं।

अंतर्निहित कर की अवधारणा राज्य के लिए आकर्षक है क्योंकि इससे उसे व्यक्तियों की संचित बचत से लाभ मिलता है। लेकिन यह बचतकर्ताओं और निवेशकों के लिए हतोत्साहित का काम करता है। वर्तमान समय के स्टार्ट-अप गुरुओं और वर्तमान समय के सफल प्रौद्योगिकी सम्राटों पर विचार करें। मृत्यु कर्तव्य पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी? ऐसे उदाहरण हैं जब मृत्यु कर्तव्य ने बहुत अच्छी तरह से काम नहीं किया है।

ब्रिटेन में विरासत कर या संपत्ति शुल्क था। परिणामस्वरूप, पारंपरिक संपत्तियों का कोई भी मालिक किसी वंशज की मृत्यु के बाद अपनी हिस्सेदारी बरकरार नहीं रख सका। क्रमिक चरणों में ये बचतें गायब हो गयीं। दिवालिया संपत्ति मालिकों को बचाने के लिए, ब्रिटेन को पुराने परिवारों से संपत्ति लेने के लिए एक राष्ट्रीय ट्रस्ट की स्थापना करनी पड़ी। वे विरासत कर का भुगतान करने के बाद दिवालिया हो गये थे।

यह प्रयास सार्थक नहीं था, क्योंकि राजस्व अर्जन संपत्ति शुल्क के प्रशासन के अनुरूप नहीं था। इस देश में, संपत्ति शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए, बड़े जमीन जायदाद के मालिकों ने संपत्ति के स्वामित्व को जारी रखने के लिए कानूनी कल्पनाएं रची थीं। ट्रस्ट पसंदीदा माध्यम थे। हिन्दू अविभाजित परिवारों की भी कुछ उपयोगिता थी। पुराने परिवारों में कुलदेवता के नाम पर ट्रस्ट बनाना भी एक व्यापक प्रथा थी। ज्ञात कर चोरी की ऐसी प्रणाली का नुकसान यह है कि बड़ी सम्पदाएं कानूनी उलझनों में बंद हैं और वर्षों में इनका क्षय हो जाता है। लाभकारी मालिक अब किसी भी रूप में उत्पादक उद्देश्यों के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं।

# प्रधानमंत्री के अभद्र भाषण पर अग्नि परीक्षा में खरा नहीं उतरा चुनाव आयोग

**– के रवीन्द्रन**

अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जब सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सहित संवैधानिक निकाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद आयोग की शक्तियां छीन लीं। सरकार ने सभी विरोधों को शांत कर दिया जिनमें कहा गया था कि नियुक्ति पर नया कानून सत्तारूढ़ पार्टी के 'समर्थकों' को महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा करने के लिए प्रेरित करेगा। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित नफरत भरे भाषण के खिलाफ शिकायतों पर नरम रुख अपनाकर संवैधानिक लोकतंत्र के राष्ट्रीय संरक्षक होने के सभी दावों में स्वयं को नीचे गिरा लिया, जिसे पूरा देश चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अग्नि परीक्षा के रूप में देख रहा था। जैसा कि राजनीतिक हलकों में व्यापक रूप से आशंका थी, आयोग ने इस मुद्दे को टाल-मटोल कर और मोदी की पार्टी को एक चेहराहीन नोटिस भेजकर परीक्षण को बुरी तरह विफल कर दिया है, जिससे खुद प्रधानमंत्री किसी भी दोष से बच गये। स्वतंत्रता का दिखावा करने के लिए, आयोग ने राहुल गांधी के कुछ भाषणों के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में कांग्रेस पार्टी को भी इसी तरह का नोटिस भेजा है। हालांकि, ऐसा करके, आयोग ने भारत के चुनाव आयोग के रूप में अपनी पवित्र भूमिका से खुद को मोदी के चुनाव आयोग के रूप में अपमानजनक ढंग से गिरा लिया है।

अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जब सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सहित संवैधानिक निकाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद आयोग की शक्तियां छीन लीं। सरकार ने सभी विरोधों को शांत कर दिया जिनमें कहा गया था कि नियुक्ति पर नया कानून सत्तारूढ़ पार्टी के 'समर्थकों' को महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा करने के लिए प्रेरित करेगा और एक ऐसा तंत्र स्थापित हो जायेगा और जिसने आयोग का पूरा नियंत्रण सरकार के हाथों में दे दिया। प्रधानमंत्री से जुड़े ताजा मामले में आयोग के फैसले से पता चलता है कि ये आशंकाएं कितनी सच थीं। राजस्थान में एक चुनावी रैली में मोदी के नफरत फैलाने वाले भाषण, संवैधानिक मानदंडों और राजनीतिक शक्ति और संस्थागत स्वायत्तता के बीच नाजुक संतुलन पर तीखी बहस छेड़ दी थी। मोदी द्वारा मुसलमानों को 'घुसपैठिये' बताये जाने से आक्रोश फैल गया और धार्मिक ध्रुवीकरण के आरोप पूरे राजनीतिक परिदृश्य में गूंज उठे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल के दौरान घोषणा की थी कि देश के संसाधनों पर मुसलमानों का 'पहला अधिकार' है। प्रधानमंत्री आलोचना से विचलित नहीं हुए और वास्तव में, बाद की रैलियों में अपने आरोप को और अधिक ताकत के साथ दोहराया। इसके अलावा, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सत्ता में लौटी, तो वह अधिक बच्चों वाले लोगों के बीच धन का पुनर्वितरण करेगी, जो व्यंजनापूर्ण रूप से मुसलमानों का ही जिक्र था। भीड़ ने तालियां बजाईं, लेकिन आलोचकों ने इसे एक खतरनाक कुत्ते की सीटी के रूप में देखा, जो सांप्रदायिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रही थी और रूढ़िवादिता को कायम रख रही थी। जाहिर है, मोदी और उनकी पार्टी को पता है कि उन्हें चुनाव आयोग से डरने की कोई जरूरत नहीं है। मोदी की विवादास्पद टिप्पणियां अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। वे एक व्यापक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करते हैं- संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के प्रगतिशील क्षरण को। एक दशक पहले जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, भारत की विविधता और धर्मनिरपेक्षता की परंपरा पर हमला हुआ है। आलोचकों का तर्क है कि धार्मिक असहिष्णुता बढ़ गई है, और बहुसंख्यकवाद के खिलाफ सुरक्षा कवच बनने के लिए बनाई गई संस्थाओं को अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। कभी अपनी निष्पक्षता के लिए सम्मानित ईसीआई अब पक्षपात के आरोपों से जूझ रही है। मोदी खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। दरअसल, भड़काऊ भाषणों की एक श्रृंखला के आरोपों पर मोदी को क्लीन चिट देने के अपने फैसले को लेकर चुनाव आयोग कई विवादों के केंद्र में रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा डाली गई छाया ने जटिलता को और बढ़ा दिया है। परिचालन हस्तक्षेप की रिपोर्टें सामने आई हैं, जिसमें पीएमओ ने कथित तौर पर चुनाव आयोग के अधिकारियों को बैठकों के लिए बुलाया है। हालांकि पीएमओ की भूमिका प्रधानमंत्री को सलाह देने की है, लेकिन चुनावी मामलों में इसकी भागीदारी पर सवाल उठ रहे हैं। इ

# राहुल प्रियंका मोदी जी से तो लड़ लेंगे कांग्रेसियों से कैसे लड़ें!

**शकील अख्तर**



आप से गठबंधन का अब इस स्टेज में विरोध करने का क्या मतलब? केवल भाजपा को फायदा पहुंचाना। जब एक बार पार्टी ने तय कर लिया फिर चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो और पार्टी भी कांग्रेस के अलावा कोई और भी क्यों न हो तो फिर बवाल करने का क्या मतलब! कांग्रेस को किसी दुश्मन की जरूरत नहीं। अच्छी भली गाड़ी आगे बढ़ रही है।

वह कहते हैं ना कि कांग्रेस को दुश्मनों की जरूरत नहीं! कांग्रेसी यह काम खुद बखूबी करते हैं। उस समय जब दो फेज के मतदान के बाद कांग्रेस और इंडिया गठबंधन एज पर दिख रहा था। उसके हौसले बढ़े हुए थे। अखिलेश यादव ने कन्नौज से नामांकन भर के यूपी में धमाका कर दिया था। अमेठी रायबरेली से राहुल प्रियंका लड़ें की आवाजें तेज हो रहीं थीं तब ही दिल्ली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने ढेर सारे आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दिल्ली में बन रहे कांग्रेस और आप के माहौल को पलीता लगा दिया। गलती किसकी? लवली की? बिल्कुल नहीं! आठ महीने पहले उन्हें जब अध्यक्ष बनाया था तो हमने आश्चर्य में सबसे छोटी खबर लिखी थी। एक वाक्य की। लिखा था- 'भाजपा रिटर्न लवली को कांग्रेस ने अपना दिल्ली अध्यक्ष बनाया।' जो आदमी जब पार्टी सत्ता में थी केन्द्र और दिल्ली दोनों जगह तब उसके सारे सुख ले रहा हो। दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार में दस साल मंत्री रहे हों। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी। वह भाजपा में चला जाए! और जब वहां कुछ नहीं मिले तो वापस कांग्रेस में आकर फिर प्रदेश अध्यक्ष बन जाए तो इसे क्या कहेंगे। लवली की गलती?

यही कांग्रेस है। पिछले दस साल से। जहां परिवार लगातार संघर्ष कर रहा है। उनकी एसपीजी की सिक्योरटी ले ली। राहुल प्रियंका के घर खाली करवा लिए। राहुल की लोकसभा सदस्यता छी ?ी। ईडी ने कई-कई दिन सोनिया और राहुल से पूछताछ की। राहुल पर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे लगाए। पार्टी के बैंक खाते सीज किए। मगर फिर भी परिवार लड़ रहा है।

मोदी जी सोचते थे डर जाएंगे। मगर उन्हें नहीं मालूम था कि यह परिवार किसी दूसरी ही मिट्टी से बना हुआ है। डरता नहीं है। दो-दो सदस्य देश के लिए शहीद हो गए। अभी प्रियंका कह रही थीं कि मेरी दादी का सीना गोलियों से छलनी कर दिया। अपने पिता को मैं टुकड़ों में उठा कर लाई हूं। मगर हम किसी 56 इंच सीना कहने वाले से नहीं डरते। उनका सीना 56 इंच का नहीं है। हमारे सीने लोहे के हैं।

परिवार अभी भी लड़ रहा है। लेकिन जिस परिवार की दम पर कांग्रेसी 2004 में सत्ता में वापस आए थे उसके बारे में यह कभी सोचते नहीं हैं। सोचना तो दूर सीधे उसके खिलाफ खड़े हो जाते हैं। जी 23 कोई भूलने वाली घटना नहीं है। राहुल प्रियंका उसे भूलते हैं तो अपने लिए ही खाई खोदते हैं। जी 23 सीधे-सीधे राहुल के खिलाफ था। राहुल के हौसले को तोड़ने की कोशिश।

मगर जैसे मोदी जी यह काम नहीं कर पाए। कांग्रेसी भी नहीं। और कांग्रेसी भी कोई छोटे मोटे नहीं! सबसे सीनियर मोस्ट सबसे ज्यादा मलाई खाने वाले प्रणव मुखर्जी और गुलाम नबी आजाद। प्रणव मुखर्जी को तो सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंचाया। मगर उन्हें शिकायत रही और अब उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी कहती है कि प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनाया।

अच्छा अगर प्रधानमंत्री बना देते तो आज कौन कह सकता है कि फिर वे आरएसएस मुख्यलय नागपुर नहीं जाते! आजाद के बारे में तो कहना ही क्या। जो अपने राज्य जम्मू-कश्मीर से कभी नहीं जीत पाए उन्हें 1980 में इन्दिरा गांधी ने महाराष्ट्र से लोकसभा चुनाव जिताया था। अभी अनंतनाग से लड़ने की बात कर रहे थे। भाजपा चाहती भी थी। समर्थन तो हर तरह का था ही। मगर डर गए। हिम्मत तो पहले ही अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र उधमपुर से लड़ने की नहीं जुटा पाए थे। वहां से एक बार लड़े थे 2014 में। मगर डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुरी तरह हराया था।

तो इस तरह वे नेता जिन्हें कांग्रेस ने उंगली पकड़कर आगे बढ़ाया हो उन्होंने भी पिछले दस साल में अपनी औकात दिखा दी। कृतघ्नता की सारी हदें पार कर दीं। और नाम तो अभी यह दो बड़े नेताओं के लिए बाकी लिस्ट तो ज्योतिराजदित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, मिलिंद देवड़ा जैसे उन नेताओं की भी है जिनके पिता जितिन की माताजी को भी कांग्रेस ने ऊंचे से ऊंचे पद दिए। और खुद बेटों को दस साल यूपीए के टाइम में मंत्री रखा मगर सत्ता जाते ही सब भाग लिए। भागने वालों की बड़ी लंबी लिस्ट है। लेकिन इसमें लवली का पार्ट आश्चर्यजनक इसलिए है कि उन्हें बीजेपी में जाने के बाद दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया।

अगस्त 2023 में उन्हें जब अध्यक्ष बनाया तो पार्टी के लिए वफादारी के साथ हमेशा काम करते रहे रहने वालों को केवल आश्चर्य ही नहीं दुःख भी हुआ। कांग्रेस में मलाई खाओ। सत्ता चली जाए तो बीजेपी में चले जाओ। फिर वापस आकर अध्यक्ष बन जाओ। और बीच चुनाव में धोखा दे जाओ।

लवली का धोखा देना मामूली बात नहीं है। दिल्ली देश की राजधानी है। यह पूरे देश की राजनीति का टोन सेट करती है। जो यहां से जीतता है वह केन्द्र में सरकार बनाता है। भाजपा ने 2014 और फिर 2019 दोनों बार दिल्ली की सातों सीटें जीती थीं। इससे पहले 1977 में जनता पार्टी ने सातों सीटें जीती और पहली बार केन्द्र में गैरकांग्रेसी सरकार बनाई। 1980 में इन्दिरा गांधी ने दिल्ली की सातों सीटें जीतकर वापसी की थी।

इस बार दिल्ली में बाद में चुनाव है। 25 मई को। देश भर की हवा यहां आ रही है। कांग्रेस और आप का मजबूत गठबंधन और सालिड होता जा रहा था। भाजपा के एक को छोड़कर सारे उम्मीदवार नए थे। जिनके टिकट काटे थे वे सब अंदर ही अंदर नाराज थे। भाजपा में कोई कांग्रेस की तरह तो अनुशासनहीनता कर नहीं सकता। लेकिन उनका नाराज होना भाजपा के लिए चिंता की बात थी।

और यह लवली का करम कोई अनुशासनहीनता नहीं है। फौज की भाषा में बगावत कोर्ट मार्शल का मामला है। कमांडिग आफिसर ( सीओ) बीच युद्ध में भागने लगे तो क्या करते हैं? कांग्रेस में एक पूर्व सैनिकों का का डिपार्टमेंट भी है। उसमें कई रिटायर्ड सीनियर सेना अधिकारी हैं। उन्हें कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्या किया जाता है!

लेकिन यहां कांग्रेस में तो उलटी गंगा बहती है। लवली को तत्काल पार्टी से बाहर किए जाने के बदले उन्हें मनाने की कोशिश हो रही है। कह रहे हैं कांग्रेस अध्यक्ष बात करेंगे। कांग्रेसियों का कोई भरोसा नहीं है कि राहुल को भी बीच में डाल दें।

क्या आरोप लगाए हैं लवली ने कि बाहरी लोगों को टिकट दिए। अच्छा वे भाजपा से होकर आए हैं और दूसरों को बाहरी कह रहे हैं! सच बात यह है कि ये बाहरी ऐसे हैं जिन्होंने दिल्ली में माहौल बना दिया। कन्हैया कुमार का जैसा विरोध भाजपा करती है वैसा ही कांग्रेस के नेता भी करेंगे तो उनमें और भाजपा में क्या फर्क रह जाएगा? उदित राज गए थे भाजपा में मगर पांच साल पहले आ गए और तब से काम कर रहे हैं। तीसरे प्रत्याशी जेपी अग्रवाल अपने आप में दिल्ली की एक पहचान हैं। चांदनी चौक के लिए उनसे अच्छा उम्मीदवार और कौन था कांग्रेस में?

आप से गठबंधन का अब इस स्टेज में विरोध करने का क्या मतलब? केवल भाजपा को फायदा पहुंचाना। जब एक बार पार्टी ने तय कर लिया फिर चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो और पार्टी भी कांग्रेस के अलावा कोई और भी क्यों न हो तो फिर बवाल करने का क्या मतलब!

कांग्रेस को किसी दुश्मन की जरूरत नहीं। अच्छी भली गाड़ी आगे बढ़ रही है। मगर नेता पहियों से लिपटे पड़े हैं। खुद ही उसे बढ़ने से रोक रहे हैं। राहुल और प्रियंका कितना दम लगाएंगे!

मोदी जी से तो लड़ लेंगे इनसे कैसे लड़ें! एक ही रास्ता होता है। निकाल कर बाहर करो। और भूल जाओ।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# सूरत कांड की इंदौर में पुनरावृत्ति

नए साल पर शर्मसार दिल्लीआपदा में अवसर लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने जिस प्रकार से नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस लिया है, वह गुजरात के 'सूरत कांड की पुनरावृत्ति' ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'गुजरात प्रवर्तित राजनैतिक मॉडल' कदाचित यही है जिसका उल्लेख उन कारकों में से एक के रूप में अवश्य याद किया जायेगा जिनके कारण देश का लोकतंत्र मौजूदा हालत में है। यह अलग बात है कि कुछ लोग, यहां तक कि मीडिया का एक धड़ा इसे 'मास्टरस्ट्रोक' निरूपित कर सकता है, लेकिन उन्हें भी याद रखना होगा कि राजनीति को नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्शों से मुक्त करने का तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु वह देश के स्थायी हित में कतई नहीं हो सकता। इसकी कीमत कभी न कभी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को उठानी ही पड़ेगी जो किसी भी रूप में इसके लिये जिम्मेदार हैं या जिनकी ऐसे कृत्यों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भागीदारी रही हो।



लोग यह भूल भी नहीं पाये थे कि अक्षय ने जब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था तब उनके साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में निकले जुलूस में खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उपस्थित थे। हफ्ते भर में ही भारतीय जनता पार्टी ने गुपचुप 'आपरेशन लोटस' चलाकर उन्हें अपने पाले में कर लिया। अब वहां से भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी का जीतना तय कहा जा सकता है क्योंकि इस सीट पर मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ही थी। सोमवार को अक्षय कांति इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री तथा पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय की कार में वे लौटे। गर्वित विजयवर्गीय ने इसकी एक सेल्फी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अक्षय का अपनी पार्टी में स्वागत किया है।

कई वर्षों से इंदौर की सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार कांग्रेस ने अपना युवा नेता उतारा था जिसके पक्ष में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार भी कर रहे थे और माना जा रहा था कि इस बार यहां से भाजपा की राह बहुत आसान नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय ने इंदौर की चार सीटों पर दावेदारी की थी जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बजाय कांग्रेस ने उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत का टिकट थमाकर उनमें अपना भरोसा जताया था। बताया यह जाता है कि इनके खिलाफ दायर एक 17 वर्ष पुराने मामले में तीन दिन पहले ही धारा 307 जोड़ी गई थी। क्या ऐसे नाजुक मौके पर अपनी पार्टी की पीठ में नहीं वरन छाती में छुरा भोंकने की वजह यही मामला है? वैसे इस सीट पर तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिये हैं।

याद हो कि कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है। वहां तो भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को बाकायदा विजयी घोषित कर उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र भी पकड़ा दिया गया क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस समेत सारे प्रत्याशियों के नामांकन या तो रद्द कर दिये गये या खुद उन्होंने ही वापस ले लिये। यहां 7 मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना था। उसके पहले मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन के अंतर्गत यह सीट सपा को दी गई थी लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया जिससे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है। कहने को तो इंडिया गठबन्धन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दिया है लेकिन इसे महज खानापूरी माना जा रहा है। इस सीट पर 26 अप्रैल को यानी दूसरे चरण के तहत मतदान हो चुका है।

कांग्रेस तथा उसके नेतृत्व में बनी इंडिया गठबन्धन के लगातार मजबूत होने तथा भाजपा के कमजोर होते विमर्श का यह साइड इफेक्ट माना जा रहा है जिसके अंतर्गत भाजपा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में आने के लिये तमाम तरह के हथकण्डे अपना रही है। तिस पर, भाजपा ने अब की बार खुद के बल पर 370 तथा अपने नेशनल डेमोक्रेटिक गठबन्धन (एनडीए) के माध्यम से 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। उसके गिरते ग्राफ एवं खुद मोदी की घटती लोकप्रियता के चलते यह लक्ष्य असम्भव माना जा रहा है लेकिन एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे लोकसभा क्षेत्र में जैसा खेला भाजपा ने किया है उससे लगता है कि वह चुनाव मैदान में उतरे बगैर ही इसी तरह से अधिकतम सीटें अपनी झोली में डाल लेना चाहती है ताकि मतदान केन्द्रों के जरिये उसकी सम्भावित हार के चलते घटने वाली सीटों की यथासम्भव भरपायी पहले से ही कर ली जाये। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में जिस तरह से भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी की मदद से अल्पमत में होने के बावजूद अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने की कोशिश की थी, वह बतलाता है कि जो भाजपा एक छोटे से स्थानीय निकाय को हासिल करने के लिये नैतिक गिरावट के तमाम मानकों को नजरंदाज कर सकती है तो लोकसभा सीट पाने तथा अपने राजनैतिक सफर के सबसे बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये वह क्या-क्या नहीं कर सकती।

इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी की नाम वापसी ऐसे समय में हुई है जब पार्टी के कुछ नेता पार्टी छोड़ रहे हैं अथवा पद त्यागकर अपनी नाराजगी जतला रहे हैं। तो भी कांग्रेस को निराश न होकर अपनी लड़ाई जारी रखनी चाहिये।

# कैसे घबराया साहिब, बात-बात पर डरता है!

**– राजेंद्र शर्मा**

चुनाव के तीसरे चरण की ओर बढ़ते हुए, मोदी की भाजपा कुल मिलाकर बचाव की मुद्रा अपनाने पर मजबूर होती नजर आ रही है। यह उसके खुली सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने के बावजूद है। उसके दुर्भाग्य से बचाव की यह मुद्रा भी काम आती नजर नहीं आ रही है। बेशक, अपनी ओर से कोई कसर न छोड़ते हुए, उसने सीधे आरएसएस को भी प्रत्यक्ष रूप से मैदान में उतरने के लिए तैयार कर लिया है।

शुक्रवार, 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के मतदान ने, संघ-भाजपा की कुशंकाओं की और बाकी सब के इसके व्यापक अनुमानों की पुष्टिद्द कर दी है कि जिस मोदी लहर का इतना ढोल पीटा जा रहा था, वह तो खैर इस चुनाव में खोजे से भी नहीं मिलेगी, अलबत्ता इस बार मोदी उतार के काफी प्रबल लक्षण हैं। ये लक्षण, 4 जून को मोदी के सत्ता से उतरने तक ले जाएंगे या उससे कुछ पीछे रह जाएंगे या पहले ही रोक दिए जाएंगे, इसके लिए तो बेशक अभी सवा महीने और इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन, इस चुनाव में मोदी के उतार पर रहने के जो लक्षण पहले चरण में सामने आये थे, उनकी दूसरे चरण ने पुष्टिद्द कर दी है। पहले चरण में अगर, 2019 के चुनाव के मुकाबले, 102 सीटों पर हुए मतदान में कुल मिलाकर 4 फीसद वोट की गिरावट देखने को मिली थी, तो दूसरे चरण के मतदान में भी वही रुझान बना रहा है। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर जो वोट पड़े हैं, उनमें 2019 के चुनाव के मुकाबले 3 फीसद से अधिक गिरावट दर्ज हुई है। इस गिरावट से पहले चरण के बाद से लगाए जा रहे इस अनुमान की पुष्टिद्द हो गयी है कि मतदान में यह गिरावट, कमो-बेश इस पूरे चुनाव की ही विशेषता रहने जा रही है। जाहिर है कि इस गिरावट के संकेत भी, पूरे चुनाव के लिए ही सच होने चाहिए।

दूसरे चरण की 88 सीटों में इस गिरावट में बेशक, केरल में हुई 6.5 की गिरावट भी शामिल है। लेकिन, इस राज्य की 20 सीटों पर मुकाबले से भाजपा को तो एक तरह से बाहर ही माना जा रहा है और इसलिए इसके रुझान से भाजपा की सेहत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। पर इस चरण में मत फीसद में यह गिरावट 13 राज्यों में से पूरे 11 में दिखाई दी है। छत्तीसगढ़ और कर्नाटक ही इसका अपवाद रहे हैं और कम से कम कर्नाटक का इस रुझान का अपवाद रहना तो, किसी भी तरह से भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। कुछ ही महीने पहले जोरदार तरीके से कांग्रेस के शासन में आये कर्नाटक में, जहां 2019 में भाजपा 28 में से 26 सीटों पर काबिज हो गयी थी, मत फीसद में बढ़ोतरी उसके संसदीय बोलबाले के छीझने का ही संकेत हो सकती है।

बहरहाल, भाजपा के लिए इससे भी महत्वपूर्ण संकेत, उसका गढ़ मानी जाने वाली हिंदी पट्टी में मत फीसद में बिहार में 3.5 फीसद, मध्य प्रदेश में 9.1 फीसद, उत्तर प्रदेश में 7 फीसद, राजस्थान में 3.4 फीसद की गिरावट होना है। पहले चरण में भी दर्ज हुई इस गिरावट का दूसरे चरण में भी जारी रहना, इसका स्पष्टद्द संकेत है कि 2019 के चुनाव में, सबसे बढ़कर पुलवामा और बालाकोट के सहारे, राष्टद्रवाद के जिस आख्द्यान के बल पर उठाई गई लहर के ज्वार ने भाजपा को तीन सौ पार पहुंचाया था, वह ज्वार कब का उतर कर भाटा बन चुका है और इस बार पूरे चुनाव में भाटा ही बना रहने जा रहा है। यह वही हिंदी पट्द्दटी है जहां विपक्ष के नाम पर कांग्रेस को मप्र तथा बिहार में एक-एक सीट और उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का एका होने के बाद भी, उसे 15 तथा कांग्रेस को एक सीट ही मिल पाई थी। उसी हिंदी पट्टी में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे के प्रति मतदाताओं की उदासीनता से लेकर विमुखता तक का खुला ऐलान कर रही है।

जैसा कि अधिकांश राजनीतिक प्रेक्षकों ने दर्ज किया, पहले चरण के मतदान के संकेतों से हुई घबराहट का नतीजा, खुद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अपनी प्रचार कार्यनीति में साफ-साफ दिखाई देने वाला बदलाव कर, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक अपील को प्रचार केंद्र में लाने के रूप में सामने आया। ङ्क्षहदीभाषी पट्टी में ही राजस्थान में, बांसवाड़ा के अपने कुख्द्यात भाषण से प्रधानमंत्री ने इसकी शुरूआत की, जिसमें कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र तथा उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री, मनमोहन सिंह के 2006 के एक भाषण का नाम लेकर, विपक्ष पर गरीब दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की संपत्तियां, विशेष रूप से महिलाओं का सोना तथा मंगलसूत्र तक जब्त करने के मंसूबे बनाने का ही आरोप नहीं लगाया गया, नाम लेकर यह आरोप भी लगाया गया कि वे ये संपत्तियां छीनकर मुसलमानों में यानी ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में, घुसपैठियों में बांटेगी! इस सरासर झूठे दावे और खुली सांप्रदायिक अपील के खिलाफ कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियों और हजारों आम नागरिकों के भी चुनाव आयोग से शिकायत करने से लेकर, पुलिस से शिकायत करने तक के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी ने पहले और दूसरे चरण के मतदान के बीच के दौर में अपने चुनावी भाषणों में इसी को अपना मुख्द्य राग बनाए रखा है। हां! उन्होंने इतना जरूर किया कि बाद में मुसलमान शब्द का प्रयोग न करने की सावधानी बरतनी शुरू कर दी और उसकी एवज में तुष्टद्दीकरण के लाभार्थी की संज्ञा का सहारा लेना शुरू कर दिया।

## बाढ के बिन्दुओं पर डीएम ने की चर्चा

### विभिन्न अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बाढ़ नियंत्रण बाबत स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में बाढ़ से पहले व बाढ़ बाद के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सीबीओ को निर्देश दिये कि बाढ़ बाद पशुओं के चारे व टीकाकरण करायें।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यमुना नदी किनारे पहले आई बाढ़ों की सूची बनाकर चिन्हित कर नाविकों की सूची भी तैयार रखें। बाढ़ के समय कटान रोकने को बोरों व अन्य संसाधन तैयार रखें। जो गांव पानी से घिरे थे, उन्हें भी चिन्हित करें। बारिश से पहले बाढ़ वाले क्षेत्रों में ऊंचे स्थलों को भी चिन्हित करें। निर्देश दिये कि जिले में ओहन बांध, बरुआ बांध, गुन्ता बांध पर वायरलेस सेट लगायें। डीएसओ को निर्देश दिये कि आपदा बाबत राहत टेंडर एक माह में करायें। बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करें। सीएमओ को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दावाओं की व्यवस्था करायें। बांधों पर चल रहे मानसून सत्र से पहले निरीक्षण व मरम्मत कार्य पूरे करायें। बाढ नियंत्रण कक्ष की स्थापना तहसील पर प्रशासनिक विभाग व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी व दूरभाष नंबर की सूची तैयार करायें। सभी तहसीलों में नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनायें। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय को निर्देश दिये कि बाढ़ के समय सुरक्षा को पीएसी व पुलिस, होमगार्ड, पेट्रोलियम की व्यवस्था करायें। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि यमुना किनारे ट्रांसफार्मर का लोड कम है तो उसे बढ़ायें। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बरसात से पहले सभी कुआ में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डलवायें। मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को जो कार्य सौंपें गये हैं, समय से पूरे करायें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीबीओ सुभाष चंद्र, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, बीएसए लव प्रकाश यादव, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।



बाढ बैठक में निर्देश देते डीएम।

## राकेश फिर बने नगर पालिका के ब्रांड एम्बेसडर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 में नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के समाजसेवी राकेश केसरवानी को ईओ लालजी यादव, सफाई व खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने पुनः ब्रांड एम्बेसडर का पत्र सौंपा।

मंगलवार को समाजसेवी राकेश केसरवानी के कामदगिरि परिक्रमा मार्ग से पॉलिथीन निषेध अभियान, जीरो बेस्ट इवेंट आदि में विशेष योगदान दिया है। जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में बढोत्तरी हुई है। अधिकारी- कर्मचारी ने राकेश केसरवानी को पुष्पगुच्छ देकर सराहना की। नगर पालिका ने पुनः ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। राकेश केसरवानी ने बताया कि ये गर्व का विषय है। पालिका ने ये सम्मान दिया है। हर वार्ड में साप्ताहिक गोष्ठी कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर कर निरीक्षक राहुल पांडे, बड़े बाबू कर्मोत्तम सिंह, लिपिक ज्ञान गुप्ता, लिपिक सुभाष गुप्ता, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान, प्रवीण बाबू, समाजसेवी राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला आदि मौजूद रहे।



राकेश को पत्र सौंपते ईओ।

## सेवानिवृत्त दरोगा को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग से सेवा निवृत्त हुए दरोगा को भावभीनी विदाई दी गई। मंगलवार को विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सेवा निवृत्त दरोगा संजीव कुमार शुक्ला को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त दरोगा व मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त दरोगा से कहा कि घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। पुलिस विभाग की ओर से उनके सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना की।

इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल निशिकान्त राय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त दरोगा को माला पहनाते एसपी।

## पहाडी पुलिस को मिली सफलता, 16 जुआरियों को दबोच ढाई लाख बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी पुलिस ने 16 अन्तर जनपदीय जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार कर कब्जे से दो लाख 51 हजार सौ रुपये बरामद किये।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर पहाड़ी कस्बे के सुभाष भारद्वाज के खेत में बबूल पेड़ के नीचे ओबरी हार में छापेमारी कर जुआरियों को जुआ खेलते रात नौ बजे रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों में लवलेश कुमार पुत्र शिवभवन तिवारी भौंरी, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र शिव कुमार चतुर्वेदी कौबरा, योगेन्द्र कुमार पुत्र विजय शंकर रामपुर, मिथलेश कुमार पुत्र अशर्फीलाल जरिहा, रामबहोरी पुत्र इन्द्रपाल नयांगाव मप्र, प्रेमबाबू सिंह पुत्र लाला भाई सिंह बड़ोखर खुर्द बांदा, जय प्रकाश पुत्र चन्द्रकिशोर जरिहा, नरेश पुत्र जोकर डिलौरा, निर्भय प्रताप सिंह पुत्र विजयकरन सिंह इन्दिरा नगर बांदा, रघुवीर सिंह पुत्र वृजभूषण सिंह जरैली कोठी बांदा, राम मिलन सिंह पुत्र बच्चा सिंह पल्हरी बांदा, कृपाशंकर पुत्र शिवऔतार जरिहा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता पुत्र भवानीदीन गुप्ता अतर्रा, राजेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश रामघाट, मनोज कुमार पुत्र पंचाराम चितरा सीतापुर व संतोष कुमार पुत्र नारायण दुरेड़ी बांदा को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड से 212500 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 38600 रुपये बरामद किये। सभी जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल, दरोगा अवधनारायण विश्वकर्मा, त्रिलोकीनाथ मिश्रा, दीवान प्रेमनारायण, सुनील कुमार, सिपाही शरद कुमार, विनोद, सचिन, हरिशरण, गुड्डू यादव व आनंद सिंह शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

## तुला राशि के प्रत्याशी पर मेहरबान रहे वोटर

### 16वीं लोकसभा तक नौ बार चुने गये तुला राशि के जातक, दल बदल का भी मिलता रहा लाभ

**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के मतदाता पिछले 72 वर्षों से अपने प्रत्याशियों को कुछ इस तरह चुनते चले आ रहे हैं, जिनके नाम तुला राशि से हैं। इस बार भी तुला राशि के नाम वाले प्रत्याशी के बीच ही सभी प्रत्याशियों के कडे मुकाबले के आसार की बात से कोई इंकार नहीं कर रहा है। लोकसभा चुनाव 1957 में कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह ने इस सीट से चुनाव जीता था। 1971 में जनसंघ से रामअनुज शर्मा चुनाव जीतकर सांसद बने थे। 1980 में कांग्रेस से रामनाथ दुबे को जनता ने सांसद चुनकर दिल्ली भेजा था। 1989 में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से रामसजीवन सिंह पर संसदीय क्षेत्र की जनता ने विश्वास जताया था। इसके बाद रामसजीवन सिंह के 1996 में बसपा से लोस चुनाव में उतरने पर जनता ने फिर उन्हें चुनकर दिल्ली भेजा था।

बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र की जनता का तुला राशि के प्रत्याशी के प्रति यहीं पर मोह भंग नही हुआ। 1998 के चुनाव में भाजपा से चुनावी समर में उतरे रमेश चन्द्र द्विवेदी को जनता ने चुनकर दिल्ली भेजने का काम किया था। 13 माह में केन्द्र सरकार गिरने पर 1999 में फिर हुए लोस चुनाव में बसपा से चुनावी समर में उतरे रामसजीवन सिंह के प्रति संसदीय क्षेत्र की जनता ने तीसरी बार सांसद चुनकर उनकी लोकप्रियता का परचम फहराया था। इसके बाद 2009 में सपा से लोस चुनाव लडे आरके सिंह पटेल को जनता ने चुनकर तुला राशि के प्रत्याशी के प्रति मेहरबानी दिखाई थी।

2014 के लोस चुनावी समर में बसपा से सांसद आरके सिंह पटेल प्रत्याशी हैं। सपा ने मिर्जापुर सांसद बालकुमार सिंह पटेल तथा कांग्रेस ने बांदा सदर विधायक विवेक सिंह और जदयू ने पप्पू यादव उर्फ पण्डा बाबा, आप ने अमर सिंह राठौर को प्रत्याशी घोषित कर रखा है। भाजपा ने भैरों प्रसाद मिश्र को प्रत्याशी बनाया था। 2019 में भी भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल चार लाख 77 हजार 938 मत पाकर विजयी हुए थे। वे तुला राशि के नौंवे सांसद थे। 2024 में भी तुला राशि के भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ही सभी दलों के निशाने पर है। अब देखना है कि दसवीं बार तुला राशि के आरके सिंह पटेल सांसद चुने जाते हैं या नहीं?

### रामसजीवन के नक्शेकदम पर आरके सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से तुला राशि के ज्यादातर प्रत्याशी चुने गये है। वर्ष 1952 से 16वीं लोकसभा तक चुने गये सांसदों में नौ बार तुला राशि के प्रत्याशी सांसद बने हैं। इनमें ये बात खासतौर पर काबिले गौर है कि दल बदलने के बाद सिर्फ रामसजीवन सिंह ही तीन बार सांसद चुने गये हैं। ऐसे में रामसजीवन के नक्शेकदम पर सपा छोड दल-बदल कर बसपा से चुनावी समर में उतरे आरके सिंह पटेल को इसका लाभ मिला है। दसवीं बार तुला राशि को सांसद बनने का लाभ मिलता है- ये फैसला चार जून को ईवीएम खुलने के बाद होगा।

## चुनाव में गड़बड़ी फैलाने पर हुआ 65 सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार की पैरवी से न्यायालय ने चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के आरोपी को 65 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम की पैरवी व अभियोजन अधिकारी बृजमोहन की प्रभावी बहस के चलते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने राजापुर थाने में दर्ज लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम व 66 आईटी एक्ट आरोपी रजनीश पाण्डेय पुत्र रामसागर पाण्डेय पाण्डेय का पुरवा थाना राजापुर को 65 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

## आत्महत्या प्रयास में दम्पति झुलसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के सिद्धपुर गांव में संदिग्ध दशा में एक दम्पति झुलस गये। गंभीर दशा में दम्पति को प्रयागराज रेफर किया है। ये हादसा मंगलवार को अपरान्ह तीन बजे हुआ। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के सिद्धपुर गांव के पति शिवशरण व पत्नी उर्मिला ने शरीर में मिट्टी तेल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया है।आत्महत्या प्रयास के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी। आत्महत्या प्रयास में आग लगने से चपेट में तीन घर भी झुलस गये हैं। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। पति-पत्नी की हालत गम्भीर बताई जा रही है। दम्पति के चार बच्चे हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सपा विधायक अनिल प्रधान झुलसे दम्पति को देखने जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने दम्पति की हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया है।

## अनुशासन से हर बाधा हो सकती दूरः डा बीके जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की प्रेरणा से संचालित श्री सदगुरु शिक्षा समिति के शैक्षणिक संस्थानों के वार्षिक गृह परीक्षा नतीजे सद्गुरु सभागार में घोषित हुए। बतौर मुख्य अतिथि श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक/ट्रस्टी डॉ बीके जैन व शिक्षा समिति अध्यक्षा श्रीमती ऊषा जैन ने सभी का स्वागत किया।

मंगलवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन व समिति के अध्यक्ष ऊषा जैन ने छात्रों-शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी। परीक्षा परिणाम से सीख लेकर अगले वर्ष में अधिक अंकों से छात्रों के पास होने को कहा। मेधावी छात्रों व गुरुजनों से मार्गदर्शन प्राप्त कर अधिक परिश्रम करने व अनुशासन को साधुवाद दिया। कहा कि परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता। मुख्य अतिथि डॉ जैन ने कहा कि वे चाहते हैं कि छात्र शैक्षणिक गतिविधियों समेत स्पोर्ट्स व अन्य बौद्धिक गतिविधियों में अव्वल आयें, ताकि हर बाधा पर विजय प्राप्त कर सकें। नर्सरी से ग्यारहवीं तक के गृह परीक्षा परिणाम घोषित किये। कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले छात्रों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान, प्राचार्य शंकरदयाल पाण्डेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी समेत सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र, अभिभावक मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करते डॉ बीके जैन।

## पैकेजिंग में छूटने न पाये चुनाव सामग्रीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने को कृषि भवन में निर्वाचन सामग्री की पैकेटिंग का निरीक्षण किया। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने पैकेटिंग में विभिन्न प्रपत्र, लिफाफा, स्टेशनरी, बैग, स्टेशनरी, पीठासीन अधिकारी डायरी, मतदाता पर्ची आदि देखा। उन्होंने एडीएम एफआर से कहा कि निर्वाचन सामग्री पैकेटिंग के साथ प्रत्येक बैग में ये देखें कि कोई भी चुनाव सामग्री छूट तो नहीं गई। एडीएम से कहा कि मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में बनाये स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों के जमा कराने के साथ स्टेशनरी जमा होने की भी व्यवस्था करायें। निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



चुनाव सामग्री का निरीक्षण करते डीएम।

## दो महिलाओं से 77 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की टीम ने कुसुम कली पत्नी तिलकधारी कुरियाडीह सुरगवां के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब व एक कुंतल लहन तथा शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया। इस क्रम में सरोज देवी पत्नी मिठाईलाल वर्मा कुरियाडीह सुरगवां के कब्जे से 42 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, दरोगा यूटी अनुराग, दीवान रमेशचन्द्र, सिपाही अखिलेश, आकाश, संजीव, रोहित, महिला सिपाही रुचि वर्मा व सरिता ओझा शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा विनय विक्रम सिंह ने दिनेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ बब्बू पुत्र सूरजपाल नेवरा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा विनय विक्रम सिंह व सिपाही प्रवीण कुमार पाण्डेय शामिल रहे।

## एसपी के निर्देश पर चार पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छोटेलाल पुत्र मथुरा प्रसाद किटहाई खोहर, बुद्धनारायण पुत्र प्रभुनाथ मुर्का, देवलाल पाल पुत्र शिवरतन केचुहट व रमाकान्त उर्फ दहचाली पुत्र स्व राधेश्याम शुक्ला बिलरा रैपुरा पर 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## पुलिस ने एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा सुरेन्द्र कुमार ने घर में घुसकर छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वांछित अंशू सिंह पुत्र विनय सिंह खोंपा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा सुरेन्द्र कुमार व सिपाही शुभम मिश्रा शामिल रहे।

## अरविन्द मफतलाल फाउन्डेशन देता है छात्रवृत्ति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष अरविन्द भाई मफतलाल की पुण्य स्मृति में चेयरमैन विशद भाई मफतलाल व परिजनों ने अरविन्द मफतलाल फाउन्डेशन मुम्बई से कक्षा 6 से 12 में प्रथम पांच स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। उन्हें आगामी वर्ष में निःशुल्क शिक्षा, गणवेश, पाठ्य सामग्री की व्यवस्था की जाती है।

अरविन्द मफतलाल फाउन्डेशन मुम्बई से विद्याधाम विद्यालय व सद्गुरु पब्लिक स्कूल में पढने वाले कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को बतौर सहयोग निःशुल्क बस सुविधा दी जाती है। उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में छात्राओं को विद्यालय आवागमन में सुरक्षा देने को अभिभावकों पर अतिरिक्त शुल्क का भार न पडे। इन कक्षाओं में छात्रायें स्कूली पढाई पूरी कर सकें। प्रतिवर्ष मफतलाल फाउन्डेशन मुम्बई के सहयोग से सदगुरु शिक्षा समिति ये सुविधा छात्राओं को देती है।

# प्रवासियों के बच्चों की मेहनत से चलेगा अमेरिका का विकास इंजन प्रवासियों के बच्चों की मेहनत से चलेगा। कैसे? आइए जानते हैं।

**नई दिल्ली।** अमेरिका (वल्र्३ीर३ीर डा अ?ीश्रू) का विकास आगे आने वाले दिनों में प्रवासियों की मेहनत से ही हो पाएगा। माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट की हालिया जारी की गई रिसर्च से यह खुलासा हुआ है कि अमेरिका के 4 करोड़ 76 लाख कामगार ऐसे हैं जो या तो खुद ही प्रवासी हैं या फिर प्रवासियों के अमेरिका में पैदा हुए बच्चे हैं। रिसर्च में दावा किया गया है कि यही कामगार अमेरिका में भावी कामकाजी श्रमशक्ति की मांग पूरी करने के लिए अहम भूमिका में होंगे।



**बढ़ी संख्या**

रिसर्च में बताया गया है कि अमेरिकी कार्यबल में प्रवासी मूल के कामगारों की संख्या साल 2000 में 19% से बढ़कर साल 2023 में 29% हो चुकी है। अब जबकि अमेरिका में जन्म दर गिर रही है, प्रवासी और उनके अमेरिका में पैदा हुए बच्चों के कारण ही अमेरिका में पिछले 23 साल में कामकाजी उम्र वर्ग (25-54) की आबादी में ग्रोथ देखने को मिली है। रिसर्च के अनुसार इनकी मौजूदगी के बिना अमेरिका में कामकाजी उम्र वर्ग की संख्या में 80 लाख तक की गिरावट आ जाती।

किन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा प्रवासी वर्कर्स? अमेरिका के भावी श्रम बल में प्रवासियों की अहम भूमिका नाम से जारी इस रिपोर्ट में आगामी नौकरियों के लिए शिक्षण संस्थाओं में भावी मांग की रिसर्च की गई है, जिससे जरूरी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उचित व्यवस्थाएं की जा सके। रिसर्च में यह भी दावा किया गया है कि इन प्रवासी वर्कर्स का विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित (एसटीईएम) और सामाजिक विज्ञान से जुड़ी श्रम शक्ति में भारी मौजूदगी देखी जा सकती है।

# हमास संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण का दावा, राफा में इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए

**गाजा/तेल अवीव।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। क्षेत्र के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह दावा किया।

अधिकारियों ने कहा कि रात के दौरान विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए।

सोमवार सुबह गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई।

जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका।

इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निर्देशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते।

इजरायल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा।

इजरायल के सहयोगियों ने बार-बार सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि सैकड़ों हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक शहर में शरण ले रहे हैं।

नियोजित सैन्य अभियान को अभी भी टाला जा सकता है, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल फि लिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई पर बातचीत करने के लिए सोमवार को मिस्त्र पहुंच रहा है।



## मालदीव में भारतीयों और मालदीवियों के दो ग्रुप्स में हुई लड़ाई, 2 घायल

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के संबंधों में पिछले कुछ महीनों में पड़ी खटास अभी भी खत्म नहीं हुई है। पर पहले सिर्फ इन दो देशों की सरकारों के बीच ही तनाव था।

हाल ही में दोनों देशों के नागरिकों के बीच भी तनाव की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल सोमवार को हुलहुमेला के सेंट्रल पार्क में रात करीब 9 बजे दो ग्रुप्स के बीच लड़ाई हो गई। एक ग्रुप भारतीयों का था तो दूसरा ग्रुप मालदीवियों का। दोनों ग्रुप्स के लोगों के बीच किसी बात पर लड़ाई हो गई।

**2 लोग घायल**

भारतीयों और मालदीवियों के ग्रुप्स में हुई लड़ाई की वजह से 2 लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहाँ इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। हालांकि अभी तक इस बात का जानकारी पुलिस ने नहीं दी है कि किस ग्रुप से लोग घायल हुए हैं और कौन?

**एक मालदीवी गिरफ्तार**

पुलिस ने इस पूरी घटना के बाद इससे संबंधित एक मालदीवी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## कनाडा में ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तान समर्थक नारे, साधी चुप्पी

**टोरंटो ।** कनाडा में खालसा दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते हुए चुप्पी साध ली है। टोरंटो में रविवार को सिख समुदाय को संबोधित करते हुए कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा कि देश में आपके मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

वहीं, भारत ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने पर पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने भारत में कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर अपना विराधे दर्ज कराया है।

खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा के सीपीएसी टीवी द्वारा जारी वीडियो में दिख रहा है कि खालसा दिवस समारोह में जस्टिन ट्रूडो के भाषण के दौरान जमकर खालिस्तान समर्थक नारे लग रहे हैं। समारोह में विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवरे, एनडीपी नेता जगमीत सिंह और टोरंटो मेयर ओलविया चाऊ आदि मौजूद थे।

पीएम ट्रूडो ने अपने संबोधन के दौरान सिख समुदाय को आश्वस्त करते हुए कहा कि लगभग आठ लाख कनाडाई सिख देश की विरासत में भागीदार हैं। हम आपके समुदाय की नफरत और भेदभाव से रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार भारत के साथ दोनों देशों के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर नए समझौते पर काम कर रही है। इसमें अमृतसर के लिए और उड़ान बढ़ाना शामिल है।

पिछले वर्ष जून में कनाडा के सरे में हुई हत्या का आरोप जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर लगाकर विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई।

# भारत बन रहा है सुपरपावर और पाकिस्तान मांग रहा है भीख, पाकिस्तानी विपक्षी नेता का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** भारत का पडोसी देश पाकिस्तान बुरे हालातों से जूझ रहा है। अर्थव्यवस्था की कमर टूट चुकी है, जनता महंगाई से परेशान है और आतंकवाद ने भी देश को अपने चंगुल में फंसा रखा है। और पाकिस्तान के हालात सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। अक्सर ही देश की जनता भी यह कहती है कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो पाकिस्तान तेजी से नीचे गिर रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के विपक्षी नेता और जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने नेशनल असेंबली में भारत की तारीफ करते हुए दोनों देशों की ऐसी तुलना की, जिसे सुनकर वहाँ मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। पर रहमान ने जो तुलना की, वो बिल्कुल भी गलत नहीं है।



**भारत बन रहा है सुपरपावर और पाकिस्तान मांग रहा है भीख**

हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में भाषण देते हुए रहमान ने भारत की जमकर तारीफ की। रहमान ने कहा, ह्लभारत एक सुपरपावर बनने का सपना देख रहा है और इस ओर आगे भी बढ़ रहा है। दूसरी तरह पाकिस्तान दिवालिएपन से बचने के लिए भीख मांग रहा है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

**दीवारों के पीछे से शक्तियाँ करती हैं कंट्रोल**

रहमान ने अपने भाषण में पाकिस्तान की खराब हालत के लिए बिना नाम लिए कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराया। रहमान ने कहा, ह्लदीवारों के पीछे कुछ शक्तियाँ हैं जो हमें कंट्रोल कर रही हैं और को ही निर्णय लेती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतली हैं।ह्व

**महलों में बनती हैं सरकारें**

रहमान ने अपने भाषण में नौकरशाहों पर भी निशाना साधा। रहमान ने कहा, ह्लसरकारें महलों में बनती हैं और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा।ह्व

**कब तक समझौता करेगा पाकिस्तान?**

रहमान ने बाहरी ताकतों पर पाकिस्तान की निर्भरता पर भी सवाल उठाया। रहमान ने पूछा, ह्लहम कब तक समझौता करते रहेंगे?

कब तक हम सांसदों के चुने जाने के लिए बाहरी ताकतों से मदद मांगते रहेंगे?

## नेपाल में एलपीजी पाइप लाइन परियोजनाओं पर 17 अरब रुपये का निवेश करेगा आईओसी

**काठमांडू।** भारत सरकार ने नेपाल में लगभग 17 अरब रुपये की दो नई पाइप लाइन परियोजनाओं के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। भारत से सीधे प्राकृतिक गैस तथा खाना पकाने वाली एलपीजी की पाइप लाइन निर्माण को लेकर भारतीय आयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और नेपाल ऑयल निगम के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है।

नेपाल ऑयल निगम के कार्यकारी निदेशक चण्डिका प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में गई टीम की आईओसी के कार्यकारी निदेशक (आपूर्ति) संजय परासर सहित उच्च अधिकारियों की टीम से हुई मुलाकात के दौरान इसके डीपीआर को लेकर औपचारिक सहमति होने की जानकारी दी गई है। भट्ट ने बताया कि नेपाल तक गैस पाइपलाइन और एक टर्मिनल अनुदान में बनाए जाने को लेकर भारत के साथ सहमति बनी है। आईओसी के प्रतिनिधियों से हुई मुलाकात में पेट्रोलियम पाइपलाइन अनुदान में निर्माण का प्रस्ताव किया गया था, जिस पर आईओसी से सकारात्मक जवाब मिला है।

निगम के प्रवक्ता मनोज ठाकुर ने बताया कि आईओसी ने पेट्रोलियम पाइप लाइन के साथ विभाग के अन्य कामों और परियोजनाओं में सहायता प्रदान करने और पहल करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। पेट्रोलियम परियोजना के बारे में आईओसी और निगम की संयुक्त टीम अध्ययन कर चुकी है। इसके अनुसार दो पाइपलाइन और एक ग्रीनफील्ड टर्मिनल (भण्डारण गृह) बनाने में लगभग 17 अरब की लागत आएगी। ठाकुर के अनुसार लागत खर्च के अनुसार अमलेखगंजझचितवन पेट्रोलियम पाइपलाइन निर्माण में 420 करोड़, सिलीगुड़ी-झापा पेट्रोलियम पाइपलाइन निर्माण में 460 करोड़ रुपये और चाराली स्थित ग्रीनफील्ड टर्मिनल के निर्माण में 803 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट के बीच किसानों पर लाठीचार्ज, 200 गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं।

किसान इतेहाद के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया, सोमवार को जब बड़ी संख्या में किसान धरना देने के लिए लाहौर में पंजाब विधानसभा की ओर जा रहे थे, तो पुलिस कर्मियों ने जीपीओ चौक, माल रोड पर उन पर हमला कर दिया और 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने लाहौर में उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज भी किया। गिरफ्तार किसानों में किसान बोर्ड पंजाब (केबीपी) के अध्यक्ष मियां अब्द-उर-रशीद भी शामिल हैं।

वहीं, पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि एक राजनीतिक दल (इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) किसानों के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर किसी को राजनीति नहीं करने देंगे और किसानों के हितों की रक्षा नहीं करेंगे।

## उत्तरी काकेशस में रूसी पुलिस चौकी पर आतंकी हमले में 2 पुलिसकर्मी, 5 हमलावरों की मौत



**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला बोल दिया। इस हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, ज?बकि पांच बंदूकधारी मारे गए।

क्षेत्र के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि आतंकवादी रविवार रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में चौकी के पास पहुंचे और गोलीबारी की।

इस गोलाबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और चार अन्य अधिकारी घायल हो गए। इसमें सभी पांच हमलावर भी मारे गए।

उत्तरी काकेशस के बहु-जातीय क्षेत्र में आपराधिक गिरोहों या उग्रवादी इस्लामवादियों और सुरक्षा बलों के बीच अक्सर खूनी झड़पें होती रहती हैं। अधिकारियों ने कहा कि रविवार को हमला करने वाले वही हमलावर 22 अप्रैल को पुलिस चौकी पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें दो अधिकारी मारे गए थे।

घटना में उनके पास विस्फोटक उपकरण होने की बात भी कही गई है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# 70 साल में सबसे अनपॉपुलर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चुनाव में जीत नहीं होगी आसान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन (खङ्की इ्रील्ल) ज्यादा पॉपुलर नहीं हैं।

गौर किया जाए, तो बाइडन अनपॉपुलर हैं। अमेरिका में हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन पिछले 70 वर्ष में 38.7% अप्रूवल रेटिंग के साथ सबसे अनपॉपुलर अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उभरे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बाइडन से ज्यादा पॉपुलर माना जाता है। ट्रंप को इस सर्वेक्षण में बाइडन से ज्यादा रेटिंग मिली। ट्रंप को 46.8% अप्रूवल रेटिंग मिली जिससे यह साफ हो गया कि ट्रंप को बाइडन से ज्यादा पॉपुलर माना जाता है।



**चुनाव में जीत नहीं होगी आसान**

हाल ही में हुए इस सर्वेक्षण में बाइडन जितनी कम रेटिंग पाने के बाद आज तक कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति सत्ता में लौटने में कामयाब नहीं हुआ है। ऐसे में आगामी चुनाव में जीत हासिल करना बाइडन के लिए आसान नहीं होगा।

**ओबामा हैं अपवाद**

50% से कम रेटिंग पाने वाले राष्ट्रपतियों के लिए अगली बार सत्ता में लौटने का कभी ट्रेंड नहीं रहा। हालांकि इसका एक अपवाद बराक ओबामा (इं१ूंह्य डुं) रहे थे। ओबामा को भी चुनाव से करीब 6 महीने पहले हुए इस सर्वेक्षण में 46% अप्रूवल रेटिंग मिली थी, पर इसके बावजूद ओबामा लगातार दूसरी बार जीत के साथ फिर से सत्ता में लौटे थे।

**कार्यकुशलता पर उठते रहे हैं सवाल**

बाइडन की कार्यकुशलता पर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। लोग उनकी उम्र को लेकर भी उनपर समय-समय पर सवाल उठाते रहे हैं। कई लोग उन्हें अमेरिका का राष्ट्रपति होने के लिए फिट नहीं मानते।